दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



2024 में रचाएंगी दूसरी शादी....

फिर कॉन्ट्रोवर्सी में फंस गए.....

वर्ष : 10 | अंक : 20 | लखनऊ, 30 दिसम्बर, शनिवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 22.c

न्यूनतम तापमान 9.c

**बाजार**

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 69,825.60

निफ्टी 20,969.40

# लोग जानते हैं 'मिली-जुली सरकार' का नतीजा : पीएम मोदी

## 2024 के चुनावों में बीजेपी की संभावनाओं पर खुलकर बोले पीएम मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा लोगों की स्वाभाविक पसंद बनने जा रही है और नागरिकों के बीच इस बात पर आम सहमति है कि देश को मिली-जुली सरकार की जरूरत नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2024 में भाजपा का हैट्रिक हासिल करना विश्वास का सवाल नहीं है क्योंकि देश के लोगों ने मिली-जूली सरकारों के युग में शासन की कमी देखी है। लोगों, विशेषज्ञों, राय बनाने वालों और मीडिया के मित्रों के बीच भी इस बात पर आम सहमति है कि हमारे देश को मिली-जुली सरकार की जरूरत नहीं है। मिली-जुली सरकारों से उत्पन्न अस्थिरता के कारण हमने 30 साल गंवा दिए हैं।

लोगों ने मिली-जुली सरकार के युग में शासन की कमी, तुष्टिकरण की राजनीति, भ्रष्टाचार देखा है। पीएम मोदी ने कहा कि 2024 में बीजेपी एक स्वाभाविक पसंद थी क्योंकि इससे पहले, इन गठबंधन सरकारों ने लोगों के बीच आशावाद और विश्वास की हानि की थी और दुनिया में भारत की खराब छवि बनाई थी। पीएम मोदी ने आगे कहा कि एकमात्र चीज जो वह नियंत्रित कर सकते हैं वह है लोगों की सेवा में अपना सब कुछ देना।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भाजपा को एक ऐसी पार्टी के रूप में चित्रित करना जो अखिल भारतीय नहीं है, अतिसरलीकरण होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा लोकसभा सीटों के मामले में दक्षिण भारत में सबसे बड़ी पार्टी है। लोकसभा की कुल 545 सीटों में से वर्तमान में भाजपा के पास 303 निर्वाचित सदस्य हैं। लेकिन कर्नाटक विधानसभा चुनाव में हार के बाद पार्टी अब पांच दक्षिणी राज्यों में से किसी में भी सत्ता में नहीं है।

## वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे पीएम मोदी

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के उद्घाटन समारोह में 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिरकत करेंगे। उद्घाटन और प्राण प्रतिष्ठा समारोह बेहद खास और भव्य होने वाला है। अयोध्या में होने वाले इस कार्यक्रम से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 दिसंबर को भी यहां पहुचेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई करोड़ की परियोजनाओं की सौगात अयोध्या नगरी को सौपेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रेल यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए अत्यधिक और विश्व स्तरीय सुविधाओं वाली दो अमृत भारत ट्रेन और छह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन दरभंगा अयोध्या आनंद विहार टर्मिनल के बीच होगा जबकि दूसरी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन मालदा टाउन सर एम विश्वेश्रैया टर्मिनस के बीच होगा। अपने अयोध्या दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छह नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे।

## अपने संसदीय क्षेत्र पहुंचे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

बोले- बूंदी के विकास को लेकर प्रतिबद्ध

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने संसदीय क्षेत्र कोटा के पांच दिवसीय दौरे के तहत बूंदी सर्किट हाउस में आम जनता से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि बूंदी मेरा लोकसभा क्षेत्र है, मैं जब भी यहां आता हूं तो लोगों से मिलने और उनकी समस्याएं सुनने का प्रयास करता हूं। मैं प्रयास करता हूं कि बूंदी का विकास कैसे हो। इससे पहले, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने देश के लोगों का आह्वान किया और उनसे विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को हासिल करने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने को कहा। स्पीकर बिरला ने छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में अग्रवाल समाज के सामुदायिक भवन ₹अग्रोहा धाम₹ का उद्घाटन करने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन के मूल्यों को आगे बढ़ाते हुए अग्रवाल समाज शिक्षा और चिकित्सा सहित मानव सेवा के सभी क्षेत्रों में समर्पण और करुणा के साथ काम कर रहा है। आशावाद के साथ, बिरला ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में, छत्तीसगढ़ राज्य बहुआयामी आर्थिक और सामाजिक विकास के नए रिकॉर्ड हासिल करेगा। उन्होंने राज्य के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सराहना करते हुए कहा कि उनका लंबा अनुभव, आसान कार्यशैली और जनता के बीच लोकप्रियता राज्य को आगे ले जायेगी। स्वतंत्रता संग्राम में अग्रवाल समुदाय के योगदान का जिक्र करते हुए बिरला ने याद दिलाया कि अग्रवाल समुदाय ने अपनी पूंजी से देश के युवा क्रांतिकारियों को ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ने में मदद की और स्वतंत्रता आंदोलन में मदद की। बिरला ने कहा कि देश के गांवों और कस्बों में समुदाय द्वारा बनाई गई धर्मशालाएं समाज के सभी वर्गों के लिए फायदेमंद होंगी।

**संक्षिप्त समाचार**

### नांदेड़ में जल जीवन मिशन के 15 ठेकेदारों को कालीसूची में डाला गया, 387 पर लगा जुर्माना

**मुंबई,** महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में जल जीवन मिशन का कार्य मिलने के बाद उसे शुरू नहीं करने वाले 15 ठेकेदारों को कालीसूची में डाला गया है, जबकि कार्य में विलंब के लिए 387 अन्य ठेकेदारों पर जुमार्ना लगाया गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। केंद्र के जल जीवन मिशन के तहत 2024 तक ग्रामीण भारत के हर घर में नल कनेक्शन के माध्यम से सुरक्षित और पर्याप्त पीने का पानी मुहैया कराना है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया कि नांदेड जिले में सितंबर 2020 में मिशन शुरू हुआ था और 1540 गांवों के घरों में पानी पहुंचाने की इस योजना के अंतर्गत 1234 कार्यों को किया जा रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि कुल 387 ठेकेदारों ने अपना काम अपेक्षित गति से नहीं किया है इसलिए नांदेड़ जिला परिषद ने इन ठेकेदारों पर आवंटित कार्य पूरा होने तक प्रति दिन 500 रुपये का जुमार्ना लगाया है।

### एनआईए ने छह आरोपियों के खिलाफ 4000 पृष्ठों का आरोपपत्र दायर किया

**नई दिल्ली,** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने प्रतिबंधित संगठन आईएसआईएस के इशारे पर भारत में आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने से संबंधित एक मामले में बृहस्पतिवार को छह लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। एजेंसी ने आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में महाराष्ट्र में विभिन्न छापों के दौरान छह आरोपियों को जुलाई में पकड़ा था। इन आरोपियों में ताबिश सिद्दीकी, जुल्फिकार अली, शरजील शेख, आकिफ अतीक नाचन, जुबैर शेख और अदननली सरकार को जुलाई में आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में एनआईए द्वारा महाराष्ट्र में कई छापे के दौरान पकड़ा गया था। विशेष एनआईए न्यायाधीश ए के लाहोटी की अदालत में 4000 पृष्ठों का आरोपपत्र दायर किया गया, जिसमें 16 संरक्षित गवाह हैं।

## मेरिट के आधार पर होगी सीट शेयरिंग, महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने किया साफ

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि हमने राज्य में कहा था कि मेरिट के आधार पर सीट शेयरिंग होगी और फैसला होगा, जगह किसे कम मिल रही है किसे ज्यादा इसपर चर्चा नहीं होगी बल्कि मेरिट के आधार पर चर्चा होगी। बता दें कि शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय पार्टी को सीटों के लिए बातचीत जीरो से शुरू करनी होगी। उन्होंने 2019 में राज्य में कोई निर्वाचन क्षेत्र नहीं जीता था। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं से कहा है कि जिन सीटों पर सेना ने जीत हासिल की है, उन पर अन्य सीटों की तुलना में बाद में चर्चा होगी। 2019 का चुनाव शिवसेना ने बीजेपी के साथ गठबंधन में लड़ा था और 18 सीटों पर जीत हासिल की थी। कांग्रेस ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र में सहयोगी दल शिवसेना (यूबीटी) की 23 सीटों की मांग खारिज कर दी है। यह घटनाक्रम तब हुआ जब नेताओं ने लोकसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र विकास अघाड़ी के सहयोगियों-शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और राकांपा के बीच सीट बंटवारे पर चर्चा की। दो गुटों में बंटी शिवसेना ने महाराष्ट्र की 48 सीटों में से 23 पर दावा किया, बावजूद इसके कि उसके अधिकांश सदस्य एकनाथ शिंदे के पक्ष में थे।

# केंद्र, असम और उल्फा के बीच ऐतिहासिक समझौता

## शांति के साथ विकास के काम में तेजी आएगी : अमित शाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) के वार्ता समर्थक गुट ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की उपस्थिति में केंद्र और असम सरकार के साथ त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। अमित शाह ने कहा कि मेरे लिए खुशी की बात है कि आज असम के भविष्य के लिए एक उज्ज्वल दिन है। लंबे समय तक असम, पूर्वोत्तर को हिंसा का सामना करना पड़ा और 2014 में पीएम मोदी के पीएम बनने के बाद दिल्ली और पूर्वोत्तर के बीच के अंतर को कम करने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि अब शांति के साथ विकास के काम में तेजी आएगी।

शाह ने कहा कि भारत सरकार, असम सरकार और वछ्र्ःअ के बीच जो समझौता हुआ है, इससे असम के सभी हथियारी गुटों की बात को यहीं समाप्त करने में हमें सफलता मिल गई है। ये असम और उत्तर-पूर्वी राज्यों की शांति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह पूरे पूर्वोत्तर विशेषकर असम के लिए शांति के दौर की एक नई शुरूआत है। मैं उल्फा प्रतिनिधियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि आपने भारत सरकार पर जो विश्वास रखा है, गृह मंत्रालय (एमएचए) की ओर से, आपके कहे बिना, सब कुछ पूरा करने के लिए समयबद्ध तरीके से एक कार्यक्रम बनाया जाएगा। गृह मंत्रालय के तहत एक समिति बनाई जाएगी, जो इस समझौते को पूरा करने के लिए असम सरकार के साथ काम करेगी।

असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि आज असम के लिए ऐतिहासिक दिन है। पीएम मोदी के कार्यकाल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में असम की शांति के लिए हमेशा काम होता रहा... तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं और तीन समझौतों से असम में आदिवासी उग्रवाद समाप्त हो गया है।

# 'राहुल गांधी को बनना चाहिए प्रधानमंत्री उम्मीदवार', खड़गे के नाम की चर्चा के बीच बोले सीएम सिद्धारमैया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** कांग्रेस पार्टी के 139वें स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी को देश का प्रधानमंत्री बनना चाहिए। कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने यह बयान तब दिया, जब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके दिल्ली समकक्ष अरविंद केजरीवाल जैसे क.ठ.ऊ.क.अ ब्लॉक के कुछ घटकों ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए गठबंधन का प्रधान मंत्री पद का चेहरा बनाने की वकालत की थी।

सिद्धारमैया ने कहा कि इस देश की समस्याओं को दूर करने की ताकत सिर्फ कांग्रेस पार्टी में है...इसके लिए राहुल गांधी को देश का प्रधानमंत्री बनना चाहिए। बेंगलुरु में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, सिद्धारमैया ने भारत जोड़ो यात्रा के लिए राहुल गांधी की सराहना की और कहा कि किसी ने ऐसा कुछ नहीं किया है और अब ₹वह (राहुल गांधी) भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा संस्करण - न्याय यात्रा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा जैसा देश में किसी ने नहीं किया। अब, वह (राहुल गांधी) भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा संस्करण - न्याय यात्रा ले रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि देश में हर किसी को न्याय नहीं मिला है।

सिद्धारमैया ने कांग्रेस कार्यकताओं को संबोधित करते हुए देश की बेहतरी के लिए मतभेदों को दूर करने और एकजुट होने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने संविधान की रक्षा करने, भारत की बहुसंस्कृतिवाद और संप्रभुता को बनाए रखने और सभी के लिए न्याय सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। सिद्धारमैया ने एकता के महत्व और शासन में पार्टी की वापसी पर जोर देते हुए, चाहे राहुल गांधी या नरेंद्र मोदी जैसा कोई व्यक्ति नेतृत्व संभाले, कांग्रेस पार्टी को सत्ता में वापस लाने के लिए सामूहिक प्रयास का आग्रह किया। 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले भी, सिद्धारमैया ने राहुल गांधी को पीएम बनाने की वकालत की थी।

# गणतंत्र दिवस पर देशभर के करीब 500 जिलों में ट्रैक्टर परेड आयोजित

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** किसानों का संगठन संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) गणतंत्र दिवस पर देशभर के करीब 500 जिलों में ट्रैक्टर परेड आयोजित करेगा। एसकेएम ने बृहस्पतिवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। एसकेएम ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में ट्रैक्टर परेड औपचारिक गणतंत्र दिवस परेड समारोह के समापन के बाद आयोजित की जाएगी। एसकेएम ने अपने बयान में कहा, एसकेएम 26 जनवरी, 2024 को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जिला स्तर पर ट्रैक्टर परेड आयोजित करेगा। उम्मीद है कि परेड देश के कम से कम 500 जिलों में आयोजित की जाएगी। एसकेएमकिसानों से बड़ी संख्या में इस परेड में शामिल होने की अपील करता है और दिल्ली में औपचारिक गणतंत्र दिवस समारोह की परेड के समापन के बाद ट्रैक्टर परेड आयोजित की जाएगी। देश के प्रमुख किसान संगठन ने बयान में कहा, ह्यह्यट्रैक्टर परेड में शामिल होने वाले किसान राष्ट्रीय ध्वज के साथ-साथ घटक संगठनों के झंडे भी लहराएंगे। किसान भारत के संविधान में निहित लोकतंत्र, संघवाद, धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद के सिद्धांतों की रक्षा करने का संकल्प लेंगे। ट्रैक्टर के साथ-साथ अन्य वाहन और मोटरसाइकिल भी परेड में शामिल होंगी। एसकेएम की राज्य इकाइयां 20 राज्यों में घर-घर जाकर और पत्रक वितरण के माध्यम से पूरे भारत में अगले साल 10-20 जनवरी तक जन जागरण अभियान चलाएंगी। बयान के अनुसार इस जन अभियान का उद्देश्य केंद्र सरकार की कथित कॉपोरेंट समर्थक आर्थिक नीतियों को उजागर करना है।

# पटनायक ने ओडिशा की स्वास्थ्य योजना के तीसरे चरण की शुरूआत

कहा- 90% लोगों को किया जाएगा शामिल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शुक्रवार को राज्य की प्रमुख स्वास्थ्य योजना - बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना (बीएसकेवाई) के तीसरे चरण की शुरूआत की, जो अब राज्य की लगभग 90% आबादी को कवर करेगी। यह योजना पहली बार पांच साल से अधिक समय पहले शुरू की गई थी, शुरूआत में केवल गरीबी रेखा से नीचे के लोगों को कवर किया गया था, जो सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में ?5 लाख तक का कैशलेस चिकित्सा उपचार प्राप्त कर सकते थे। इसे सरकारी कर्मचारियों और आयकर दाताओं को छोड़कर पूरी आबादी तक बढ़ा दिया गया है।

यह अनुमान लगाया गया है कि राज्य की लगभग 90% आबादी को कवर करने वाले 1.10 करोड़ से अधिक परिवारों को बीएसकेवाई के तहत स्वास्थ्य आश्वासन प्रदान किया जाएगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि ओडिशा में कोई भी परिवार गंभीर बीमारियों के लिए उच्च व्यय को पूरा करने के लिए वित्तीय संसाधनों की कमी के कारण असुरक्षित नहीं रहेगा। इस प्रकार ओडिशा के लोगों के लिए सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज का वादा पूरा हुआ। पटनायक ने लाभार्थियों के लिए नया 'बीएसकेवाई नबीन कार्ड' लॉन्च करते हुए कहा कि ओडिशा के लोगों को सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करना मेरा सपना रहा है, जहां स्वास्थ्य सेवा एक अधिकार है।

जब 15 अगस्त, 2018 को बीएसकेवाई की घोषणा की गई थी, तो गरीब किसानों, बीपीएल कार्ड, अंत्योदय अन्न योजना कार्ड या ग्रामीण क्षेत्रों में ?50,000/- की वार्षिक आय वाले। शहरी क्षेत्रों में 60,000/- रुपये तक की आय वाले बीएसकेवाई कार्ड दिए गए, जिसका उपयोग 200 से अधिक सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में प्रति परिवार अधिकतम 5 लाख रुपये और परिवार की महिला सदस्यों के लिए अतिरिक्त 5 लाख रुपये के इलाज के लिए किया जा सकता है।

# घने कोहरे की वजह से तीन दिनों में दिल्ली हवाई अड्डे पर करीब 60 उड़ानों के मार्ग परिवर्तित किए गए

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** दिल्ली हवाई अड्डे पर लगातार तीसरे दिन बृहस्पतिवार को भी घने कोहरे के कारण उड़ानें प्रभावित हुईं और लगभग 60 उड़ानों के मार्ग परिवर्तित किए गए तथा कई विमानों ने देर से उड़ान भरी। हवाई अड्डा के सूत्रों ने बताया कि 25 दिसंबर की मध्यरात्रि से 28 दिसंबर को सुबह छह बजे के बीच खराब मौसम के कारण कुल 58 उड़ानों के मार्ग परिवर्तित किए गए। सूत्रों के मुताबिक, इन उड़ानों में ज्यादातर घरेलू उड़ानें थीं।



सूत्रों ने दावा किया कि ज्यादातर उड़ानों के मार्ग परिवर्तित करने पड़े क्योंकि पायलटों को कम दृश्यता की स्थिति में विमान उड़ाने के लिए प्रशिक्षित नहीं किया गया था। सूत्रों ने बताया कि इस अवधि के दौरान इंडिगो की कम से कम 13 उड़ानों के मार्ग परिवर्तित किए गए जबकि एयर इंडिया और स्पाइसजेट की 10-10 उड़ानों के मार्गों को परिवर्तित किया गया।

सूत्रों के मुताबिक, अन्य उड़ानों में विस्तार की पांच, अकासा एअर की तीन और एलायंस एअर की दो उड़ानों के मार्ग परिवर्तित किए गए। उड़ानों को जयपुर, लखनऊ और इंदौर सहित अन्य हवाई अड्डों की ओर मोड़ दिया गया।

# अपने संसदीय क्षेत्र पहुंचे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, बोले- बूंदी के विकास को लेकर प्रतिबद्ध

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने संसदीय क्षेत्र कोटा के पांच दिवसीय दौरे के तहत बूंदी सर्किट हाउस में आम जनता से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि बूंदी मेरा लोकसभा क्षेत्र है, मैं जब भी यहां आता हूं तो लोगों से मिलने और उनकी समस्याएं सुनने का प्रयास करता हूं। मैं प्रयास करता हूं कि बूंदी का विकास कैसे हो। इससे पहले, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने देश के लोगों का आह्वान किया और उनसे विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को हासिल करने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने को कहा।

स्पीकर बिरला ने छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में अग्रवाल समाज के सामुदायिक भवन "अग्रोहा धाम" का उद्घाटन करने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन के मूल्यों को आगे बढ़ाते हुए अग्रवाल समाज शिक्षा और चिकित्सा सहित मानव सेवा के सभी क्षेत्रों में समर्पण और करुणा के साथ काम कर रहा है। आशावाद के साथ, बिरला ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में, छत्तीसगढ़ राज्य बहुआयामी आर्थिक और सामाजिक विकास के नए रिकॉर्ड हासिल करेगा। उन्होंने राज्य के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सराहना करते हुए कहा कि उनका लंबा अनुभव, आसान कार्यशैली और जनता के बीच लोकप्रियता राज्य को आगे ले जायेगी।

स्वतंत्रता संग्राम में अग्रवाल समुदाय के योगदान का जिक्र करते हुए बिरला ने याद दिलाया कि अग्रवाल समुदाय ने अपनी पूंजी से देश के युवा क्रांतिकारियों को ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ने में मदद की और स्वतंत्रता आंदोलन में मदद की। बिरला ने कहा कि देश के गांवों और कस्बों में समुदाय द्वारा बनाई गई धर्मशालाएं समाज के सभी वर्गों के लिए फायदेमंद होंगी।

## संक्षेप

### फंदे पर लटकी मिली युवती, प्रेमी पर हत्या का आरोप

लखनऊ। गोमतीनगर इलाके में किराए के कमरे में प्रेमी के साथ रह रही युवती बृहस्पतिवार को संदिग्ध हालात में फंदे पर लटकी मिली। मृतका के घरवालों ने प्रेमी पर हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हैंगिंग आया है। उन्नाव के हसनगंज की रहने वाली 21 साल की युवती विनीतखंड इलाके में किराए के कमरे में अपने प्रेमी के साथ रहती थी। वह सिलाई सीखने के साथ ही हाईस्कूल की प्राइवेट पढ़ाई कर रही थी। युवती की मां परिवार के अन्य लोगों के साथ गोमतीनगर विस्तार के तखवा इलाके में रहती हैं। उसके मामा के अनुसार बृहस्पतिवार को उन लोगों को सूचना मिली कि भांजी की मौत हो गई है। वह लोग मौके पर पहुंचे तो उसका शव कमरे में फंदे पर लटका मिला। परिजनों का कहना है कि युवती काफी समय से प्रेमी के साथ रह रही थी। पुलिस ने जब प्रेमी से पूछताछ की तो उसने बताया कि घटना से पहले युवती ने उसे दूध लेने के लिए भेजा था। जब वह दूध लेकर लौटा तो कमरा अंदर से बंद था। उसने दूसरी चाबी से दरवाजा खोला तो कमरे में युवती का शव लटका मिला।

### अभिनंदन हत्याकांड में दो और युवकों की तलाश

लखनऊ। नाका में राजेंद्र नगर पुलिस चौकी के पास बुधवार रात निजी कंपनी के कर्मचारी अभिनंदन की सरेराह हत्या के मामले में दो और युवकों का नाम सामने आया है। पुलिस अब उन दोनों की तलाश में लगी है। मामले में नामजद दो सगे भाइयों को पुलिस ने बृहस्पतिवार को ही गिरफ्तार कर लिया था। बलिया निवासी अभिनंदन कुमार (23) आलमबाग में किराए के मकान में रहते थे। वह राजेंद्र नगर स्थित रिलायंस स्मार्ट प्वाइंट शॉप में सेल्स का काम करते थे। बुधवार रात करीब दस बजे वह स्कूटी से घर जा रहे थे। तभी राजेंद्र नगर पुलिस चौकी के पास घात लगाए हमलावरों ने उन्हें रोक लिया था। बेल्ट व डंडे से पीटने के साथ ही नुकीले सब्बल से गोद डाला था। अभिनंदन को सिविल अस्पताल भेजा गया, जहां उनकी मौत हो गई थी।

# मौसम खराब होने के कारण विमान सेवाओं का संचालन बुरी तरह रहा प्रभावित

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को भी मौसम खराब होने के कारण विमान सेवाओं का संचालन बुरी तरह प्रभावित रहा। घने कोहरे और कम दृश्यता होने की वजह से लखनऊ आने-जाने वाली जहां चार उड़ाने रद्द कर दी गई। वहीं अन्य उड़ाने दो से चार घंटा विलंब रहीं। इससे यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आलम यह कि दिल्ली से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान (6ई 2025) खराब मौसम के कारण रद्द कर दी गई। इसी तरह बेंगलुरु से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की सुबह 8:35 बजे लखनऊ पहुंचने वाली उड़ान रद्द कर दी गई। वहीं दिल्ली से दोपहर 2 बजे लखनऊ आने वाली इंडिगो उड़ान भी खराब मौसम के कारण रद्द कर दी गई। जबकि लखनऊ से बेंगलुरु जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 325) भी रद्द कर दी गई। इसके अलावा गुरुवार रात से ही पड़ रहे भयंकर कोहरे के कारण मुंबई से रात 1:35 बजे लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान करीब 4 घंटे देरी से सुबह 5:40 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंची। मुम्बई से रात 1:45 बजे लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान करीब 50 मिनट देरी से लखनऊ एयरपोर्ट पहुँच सकी। इसी प्रकार मस्कट से लखनऊ आने वाली सलाम एयरलाइंस की उड़ान सुबह 3:15 के बजाय 4:04 बजे लखनऊ पहुंच सकी। वहीं दमाम से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान सुबह 6:15 बजे के बजाय 7:18 पर लखनऊ एयरपोर्ट पहुंची। मस्कट से सुबह 7:50 बजे लखनऊ पहुंचने वाली ओमान एयर की फ्लाइट 10:15 बजे लखनऊ पहुंची। चंडीगढ़ से लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान सुबह 8:15 बजे के बजाय 10:44 पर लखनऊ पहुंची। इंदौर से लखनऊ आने वाली इंडिगो की फ्लाइट सुबह 10:05 के बजाय 11:35 पर लखनऊ पहुंची। दम्माम से लखनऊ आने वाली फ्लाइनास एयरलाइंस की उड़ान पूर्वाहन 11:00 बजे के बजाय अपराह्न 1:40 पर लखनऊ पहुंची। मुंबई से लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान दोपहर 1:15 के बजाय 3:25 पर लखनऊ पहुंची। गुवाहाटी से लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान दोपहर 1:40 के बजाय 3:10 पर लखनऊ पहुंची। जयपुर से लखनऊ आने वाली इंडिगो उड़ान दोपहर 1:50 के बजाय 3:44 पर लखनऊ पहुंची। दिल्ली से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान दोपहर 2:20 के बजाय 3:05 पर लखनऊ पहुंची। इसी प्रकार लखनऊ से दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान रात 2:00 बजे के बजाय सुबह 6:53 बजे यहां से रवाना हुई। वहीं लखनऊ से मस्कट जाने वाली सलाम एयरलाइंस की उड़ान सुबह 4:00 बजे के बजाय 5:00 बजे यहां से रवाना हुई। लखनऊ से गुवाहाटी जाने वाली इंडिगो उड़ान सुबह 9:05 के बजाय 11:24 पर रवाना हुई और लखनऊ से चंडीगढ़ जाने वाली इंडिगो उड़ान दोपहर 2:10 के बजाय 4:03 बजे यहां से रवाना हुई। इसके अलावा अन्य उड़ाने भी कई घंटे देरी से उड़ान भर सकीं।

# पार्षद ने अवध विहार कॉलोनी में सड़क व पक्की नाली निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**अमन लेखनी समाचार**



सरोजनी नगर लखनऊ। सरोजनीनगर द्वितीय वार्ड के पार्षद रामनरेश रावत एडवोकेट ने शुक्रवार को वार्ड के अवध विहार कॉलोनी में 150 मीटर लंबी और 4 मीटर चौड़ी इंटरलॉकिंग सड़क व पक्की नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यह शिलान्यास पार्षद रामनरेश रावत ने अपनी मौजूदगी में संतोष त्रिपाठी और लालचंद गौतम से पूजा पाठ कराने के साथ नारियल तुड़वाकर किया। इस दौरान पार्षद राम नरेश रावत ने बताया कि 19 लाख रुपए की लागत से पार्षद निधि के जरिए अवध विहार कॉलोनी, बदाली खेड़ा में शनि सिंह के घर से राधे कृष्ण मंदिर होकर राजकुमार गौतम के घर तक लंबे समय से कच्ची पड़ी गली को इंटरलॉकिंग सड़क और पक्की नाली में परिवर्तित किया जाएगा। पार्षद ने बताया कि विधायक राजेश्वर सिंह, सांसद कौशल किशोर, महापौर सुषमा खर्कवाल और भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के प्रयास से इस इंटरलॉकिंग सड़क और पक्की नाली का निर्माण कार्य हो रहा है। वहीं कॉलोनी वासियों को जब इस शिलान्यास की जानकारी मिली तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर आपस में एक दूसरे को मिठाई खिलाई और पार्षद सहित अन्य नेताओं का आभार प्रकट किया। पार्षद ने कहा कि लंबे समय से इस कच्ची गली में प्रायः जल भराव की समस्या बनी रहने के कारण लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कत होती थी। लेकिन अब इंटरलॉकिंग सड़क और पक्की नाली बन जाने से यह समस्या समाप्त हो जाएगी। इस शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान पार्षद रामनरेश रावत के साथ प्रीतम सिंह, संतोष त्रिपाठी, सतीश रावत, जयराम यादव, सुरेंद्र रावत, जहीर खान, अशोक ओझा, राजू सिंह, नरेंद्र, संजय रावत और अनिल सिंह सहित कॉलोनी के तमाम अन्य लोग मौजूद रहे।

# महाकुम्भ से पहले रोडवेज में शामिल होंगी पांच हजार इलेक्ट्रिक बसें, प्रदेश में बनेंगे 150 चार्जिंग स्टेशन

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। महाकुम्भ पर हजारों तीर्थयात्रियों की आवाजाही को देखते हुए परिवहन निगम प्रशासन आठ हजार बसों को बेड़े में शामिल करने की तैयारी कर रहा है। इसमें पांच हजार बसें इलेक्ट्रिक होंगी। इससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

दरअसल, परिवहन निगम प्रशासन का पूरा फोकस बेड़े को पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से तैयार करना है। फिलहाल रोडवेज बसों के बेड़े में करीब 12 हजार बसें हैं। इसमें उम्र पूरी कर चुकी बसों को क्रमबद्ध ढंग से बाहर किया जा रहा है। वहीं डीजल के साथ इलेक्ट्रिक बसों को बेड़े में जोड़ने की कवायदें भी की जा रही हैं। इसी क्रम में अगले साल महाकुम्भ से पहले नई बसों को निगम में शामिल कर यात्रियों की सुविधाओं में वृद्धि की तैयारियां की जा रही हैं।

निगम के अफसरों ने बताया कि कुल आठ हजार बसों को रोडवेज के बेड़े में जोड़ा जाना है। इसमें पहले चरण में पांच हजार बसों को शामिल किया जाएगा। इसमें तीन हजार इलेक्ट्रिक बसें व दो हजार डीजल बसें होंगी। इसके बाद अगले चरण में तीन हजार अनुबंधित बसों को भी बेड़े में शामिल किया जाएगा, जिसमें दो हजार इलेक्ट्रिक व एक हजार डीजल बसें रहेंगी। इन बसों के आ जाने से रोडवेज बसों का कायाकल्प हो जाएगा।

### लखनऊ को मिलेंगी 250 नई बसें

महाकुम्भ से पहले रोडवेज के बेड़े में शामिल होने से लखनऊ परिक्षेत्र को भी लाभ होगा। मसलन, अभी रोडवजे के लखनऊ परिक्षेत्र में करीब हजार बसें हैं। सूत्र बताते हैं कि ढाई सौ नई बसों को भी इस बेड़े में जोड़ा जाएगा। इन बसों को लखनऊ से प्रयागराज, अयोध्या, वाराणसी, आगरा रूट पर चलाया जा सकता है। हालांकि, इस मुद्दे पर अफसर आधिकारिक रूप से कुछ भी बोलने से बच रहे हैं।

### 150 चार्जिंग स्टेशनों की पड़ेगी जरूरत

रोडवेज के आला अफसर बताते हैं कि जब बेड़े में पांच हजार इलेक्ट्रिक बसों को शामिल किया जा रहा है। ऐसे में चार्जिंग स्टेशनों की संख्या में भी वृद्धि करनी होगी। 150 से अधिक चार्जिंग स्टेशनों को विकसित करना होगा, ताकि बसों की चार्जिंग में असुविधाओं का सामना न करना पड़े। इन बसों से ऊर्जा के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

# किस रंग की होगी रामलला की मूर्ति : श्याम या श्वेत, इसको लेकर हुई वोटिंग, निर्णय सुरक्षित

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठित होने वाली रामलला की अचल मूर्ति के चयन को लेकर शुक्रवार को करीब पांच घंटे तक मंथन चला। बाल स्वरूप भगवान राम किस शिला के, किस रंग के व किस रूप के होंगे, इसके लिए आखिरकार वोटिंग करवानी पड़ी। ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने एक, दो व तीन नंबर के क्रम में वोट दिए। इसके बाद टीम ने निर्णय सुरक्षित कर लिया। अब श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास की सहमति बाकी है। ट्रस्ट के सूत्रों के मुताबिक, ट्रस्टियों को कर्नाटक के अरुण योगीराज की श्याम शिला वाली मूर्ति ज्यादा भायी है। हालांकि, ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

सुबह दस बजे कारसेवकपुरम में बैठक शुरू हुई। ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों ने अचल मूर्ति को लेकर अपनी राय दी। सभी की राय को एकत्रित किया गया। इसके बाद ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी रामसेवकपुरम पहुंचे, जहां तीनों मूर्तियों को सभी ने देखा। मूर्तिकारों से बातचीत की। बैठक के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने बताया कि तीनों मूर्तिकारों ने बहुत ही बेहतरीन काम किया है। किसी एक मूर्ति का चयन करना हमारे लिए कठिन हो गया है। सभी ट्रस्टियों ने व्यक्तिगत मत दिए हैं। जल्द अचल मूर्ति का चयन हो जाएगा। अंतिम निर्णय ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास करेंगे।

राममंदिर के ट्रस्टी युगपुरुष परमानंद ने बताया कि तीनों मूर्तिकारों का परिश्रम, चिंतन लाजवाब है। मूर्तियों को देखकर लगता है कि इन्होंने रामायण व शास्त्रों का गहन अध्ययन करने के बाद मूर्ति निर्माण किया है। मूर्तियां शास्त्रोक्त व रामायण काल के आधार पर बनाई गई हैं। तीनों मूर्तियों में बाल सुलभ कोमलता झलक रही है। भगवान श्रीराम के चरण रज से शिला भी जीवंत हो उठती है। वह जिस शिला में प्रकट होना चाहेंगे, उस शिला में स्वयं आकार ले लेंगे।

बैठक में राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र, ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, जगद्गुरु वासुदेवानंद सरस्वती, महंत दिनेंद्र दास, डॉ.अनिल मिश्र, कामेश्वर चौपाल, बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र, जिलाधिकारी नितीश कुमार शामिल रहे। के.पराशरण, जगद्गुरु विश्वप्रसन्न तीर्थ, प्रदेश सरकार के गृह सचिव संजय प्रसाद से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये राय ली गई है।

### अचल मूर्ति के लिए मंगाए गए थे 12 पत्थर

रामलला की अचल मूर्ति निर्माण के लिए नेपाल की गंडकी नदी समेत कर्नाटक, राजस्थान व उड़ीसा के उच्च गुणवत्ता वाले 12 पत्थर ट्रस्ट ने मंगाए थे। इन सभी पत्थरों को परखा गया तो राजस्थान व कर्नाटक की शिला ही मूर्ति निर्माण के लायक मिली। देश के तीन प्रसिद्ध मूर्तिकार इन शिलाओं पर रामलला के बाल स्वरूप को जीवंत करने में जुट गए। राजस्थान की संगमरमर शिला पर विग्रह बनाने का काम मूर्तिकार सत्यनारायण पांडेय कर रहे हैं। कर्नाटक की श्याम रंग की एक शिला पर मूर्तिकार गणेश भट्ट व दूसरी शिला पर अरुण योगीराज ने रामलला की अद्भुत छवि उकेरी है।

# गांव की समस्या गांव में समाधान योजना किसानों ग्रामीणों के लिए मिल का पत्थर साबित हो रही है - सुखलाल भरती

**प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के अगुवाई में जन उपयोगी जानकारी के साथ किसानों, ग्रामीणों को फायदा मिलने के साथ, समस्या का त्वरित समाधान हो रहा है।**

**अमन लेखनी समाचार**



सुख लाल भारती आईएएस विशेष सचिव ग्राम्य विकास









लखनऊ। ग्राम्य विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम गांव की समस्या गांव में समाधान योजना किसानों ग्रामीणों के लिए मिल का पत्थर साबित हो रहा है। ग्राम्य विकास विभाग के मंत्री प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के अगुवाई में जन उपयोगी जानकारी के साथ किसानों, ग्रामीणों को फायदा मिल रहा है त्वरित समाधान हो रहा है। इस संबंध में विशेष सचिव ग्राम्य विकास सुख लाल भारती आईएएस ने बताया की उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के अगुवाई में ये योजना गांव गांव चौपाल लगा कर चलाया जा रहा है इससे ग्रामीणों के मूलभूत सुविधाओं का या कोई भी समस्या का समाधान तत्काल किया जाता है इसके साथ साथ लोगो को सरकार की लोक लुभावन ,जन उपयोगी जानकारी भी मिलती है। ये योजना एक सफल सार्थक साबित हो रही है।

ग्राम्य विकास विभाग के विशेष सचिव सुख लाल भारती आईएएस ने बताया कि ग्राम्य विकास विभाग खासकर ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने में कटिबद्ध है। इसके लिए उनके ग्राम्य में किस किस प्रकार की समस्या है क्या क्या विकाश कार्यक्रम बनाने चाहिए, सरकार की योजनाओं की जानकारी से लोगो को जगरूप करने का काम किया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य विभागीय मंत्री भी है उनका मार्ग निर्देशन से ग्रामीणों को फायदा हो रहा है सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है विकाश हो रहा है। सरकार ग्रामीण में बहुत सी योजनाएं चलाकर लोगो को लाभ पहुंचा रहा है इसके जगरूप करने के उद्देश्य से चौपाल समाधान दिवस का आयोजन कर ग्रामीणों को फायदा पहुंचाया जा रहा हैं।

# अमौसी पेट्रोलियम के ट्रक और टैंकर चालको ने किया चक्का जाम

**अमन लेखनी समाचार**



सरोजनीनगर, लखनऊ। केन्द्र सरकार द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में हो रही बढ़ोत्तरी को देखते हुए हिट एंड रन कानून लागू करने का फैसला किया है। इस नये कानून की जानकारी होने पर सरोजनीनगर स्थित अमौसी पेट्रोलियम के ट्रक एवं टैंकर चालको ने शुक्रवार को चक्का जाम कर हड़ताल कर दिया। पूरे दिन चली हड़ताल में बाद चालको ने देरशाम अपनी हड़ताल वापस ले ली।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लोकसभा में तीन नए आपराधिक कानून विधेयक के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी थी। अब वाहन चालक अगर सड़क दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो जाता है तो उसे कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। नए प्रावधानों के मुताबिक वाहन चालक को पुलिस को सूचना देनी होगी, वरना पकड़े जाने पर दस साल कैद होगी। आम लोगों में सड़क दुर्घटना को लेकर एक बात काफी चर्चित है कि किसी को भी कुचलने वाला आरोपी चालक पुलिस थाने से ही जमानत पा लेता है। हादसे में मृतक के परिजन शव लेने के लिए अस्पताल और थाने के चक्कर काटते रहते हैं। या फिर घायल व्यक्ति अस्पताल और थाने जाने पर ही मजबूर रहते है और कई मामले में तो दोषी साबित होने के बाद भी जुमार्ना देकर छूट जाते हैं। मगर कानून में बदलाव के बाद किसी शख्स की किसी की लापरवाही से मौत हो जाती है तो ऐसे में आरोपी के लिए छूटना आसान नहीं होगा। लेकिन सरकार के इन कड़े नियमों के विरोध में चालको का कहना है कि उनका अपना वाहन नही होता है वह 10-12 हजार की नौकरी करते है और जरूरी नही की सभी हादसों का गुनहगार केवल चालक हो। ऐसे में चालक पर ही पूरी जिम्मेदारी लाद देना नाइंसाफी है। इन तीनों कानूनों को वापस लिये जाने की मांग को लेकर चालको ने हड़ताल कर चक्का जाम कर दिया।

# जमीनी विवाद में दबंगों ने बाप बेटे को पीटा, मुकदमा दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर इलाके में गुरुवार को स्कॉर्पियो से पहुंचे कुछ लोगों ने अपने खेत पर मौजूद बाप बेटे की जमीनी विवाद में पिटाई कर दी। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने सभी आरोपियों को मौके से धर दबोचा। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को चारों आरोपियों को जेल भेज दिया है। बिजनौर के रहीमाबाद निवासी हरीशंकर के मुताबिक परिवार के ही कुछ लोगों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। हरीशंकर का कहना है कि गुरुवार दोपहर वह अपने बेटे शिवम के साथ खेत पर मौजूद था। तभी काली स्कॉर्पियो से पहुंचे असलहों से लैस पारा के हंस खेड़ा निवासी संदीप, सतीश, अंकुर यादव और पारा के ही धनहर खेड़ा निवासी बाबू यादव सहित उनके अन्य साथियों ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर सभी आरोपियों ने हरीशंकर और उसके बेटे शिवम की पिटाई कर दी। आरोप है कि उन्होंने बंटवारे में जमीन न देने पर जान से मारने की धमकी भी दी। मौका पाकर हरीशंकर ने घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मौके से चारों आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस ने हरीशंकर की तहरीर पर सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है।

# छावनी में तब्दील हुई राम नगरी, स्पेशल कमांडो समेत छह हजार पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। पीएम मोदी की सुरक्षा का जिम्मा स्पेशल कमांडो के साथ यूपी पुलिस के जवान भी संभालेंगे। इसके लिए तीन डीआईजी, 17 एसपी, 40 एएसपी, 82 डीएसपी, 90 निरीक्षक समेत छह हजार सुरक्षाकर्मी सुरक्षा का मोर्चा संभालेंगे।

प्रधानमंत्री के अयोध्या आगमन को लेकर सुरक्षा का कड़ा जाल बुना गया है। पूरी अयोध्या में करीब छह हजार सुरक्षाकर्मी तैनात कर इसे छावनी में तब्दील कर दिया गया है। एयरपोर्ट, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन की सुरक्षा की कमान एसपीजी ने संभाल ली है। धर्मपथ व रामपथ पर टेढ़ी बाजार तक सड़क की दोनों पटरियों पर बैरिकेडिंग लगाकर आवागमन प्रतिबंधित कर दिया गया है।

धर्मपथ से रामपथ तक की करीब चार किमी की दूरी पर सड़क के दोनों ओर बांस बल्लियों व लोहे की जाली से बैरिकेडिंग की गई है। इससे दोनों पथों पर गली-मोहल्लों से मुख्य मार्ग पर आने वाला मार्ग बंद हो गया। इन संपर्क मार्गों पर, चौराहों, तिराहों पर पीएसी, पुलिस बल के साथ यातायातकर्मियों को तैनात किया गया है। प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान आम जनता सड़क किनारे बने फुटपाथ पर खड़ी हो सकेगी। वहीं नयाघाट, हनुमानगढ़ी चौराहा, श्रीराम जन्मभूमि मार्ग के प्रवेश द्वार, रेलवे स्टेशन मोड़, टेढ़ी बाजार समेत अन्य संवेदनशील स्थानों पर आरएएफ, सीआरपीएफ की भी तैनाती की गई है।

मुख्य समारोह स्थल एयरपोर्ट व रेलवे स्टेशन को एसपीजी ने अपनी निगरानी में ले लिया है। यहां एनएसजी व एटीएस के कमांडो भी तैनात किए गए हैं। एडीजी पीयूष मोर्डिया ने बताया कि ड्रोन व सीसीटीवी के माध्यम से कार्यक्रम स्थल और अयोध्या की निगरानी की जा रही है।

### इतने अधिकारी व जवान तैनात

तीन डीआईजी, 17 एसपी, 40 एएसपी, 82 डीएसपी, 90 निरीक्षक, 2000 मुख्य आरक्षी व आरक्षी (महिला-पुरुष), 450 यातायातकर्मी, 14 कंपनी, पीएसी, छह कंपनी सीआरपीएफ व आरएएफ, दो बटालियन एटीएस के अलावा 150 अग्निशमनकर्मी, 15 सौ होमगार्ड व पीआरडी के जवान समेत करीब छह हजार सुरक्षाकर्मी अयोध्या में तैनात किए गए हैं।

### सिर्फ दो पहिया वाहनों को मिल रहा प्रवेश

रामनगरी के प्रवेश द्वार पर लगे बैरियर शुक्रवार सुबह से ही गिरा दिए गए। ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों के व्यवस्था में लगे वाहनों के अलावा अन्य चार पहिया वाहनों को अयोध्या में प्रवेश नहीं दिया गया। उदया चौराहा, लता मंगेशकर चौक, साकेत पेट्रोल पंप बैरियर, हनुमान गुफा, रामघाट, विद्याकुंड चौराहा समेत अन्य स्थानों से सिर्फ दो पहिया वाहनों को ही प्रवेश दिया गया।

# आईएएस दुर्गा शंकर मिश्रा मुख्य सचिव यूपी दिल्ली से लखनऊ रवाना

**अमन लेखनी समाचार**



दुर्गा शंकर मिश्र आईएएस मुख्य सचिव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव आईएएस दुर्गा शंकर मिश्रा 1984 बैच 3 दिवसीय दौरे गये दिल्ली से देर रात लखनऊ वापस लौट रहे है... यूपी के मुख्य सचिव पद पर 2 बार सेवाविस्तार पा चुके दुर्गा शंकर मिश्रा बेहद आत्मविश्वास के साथ ऑल इंडिया चीफ सेक्रेटरी कॉन्फ्रेंस खत्म कर लखनऊ लौट रहे हैं मुख्य सचिव शनिवार को अयोध्या में पीएम की अगवानी भी करेंगे इस वक्त सबकी नजरें मुख्य सचिव की कुर्सी पर लगी हुई है कि उनको कितने दिनों का सेवा विस्तार मिलता है चीफ सेक्रेटरी का सेवाकाल 31 दिसंबर 2023 को खत्म हो रहा था लेकिन 30 दिसंबर शनिवार होने और 31 दिसंबर रविवार होने के चलते आज उनका आखिरी दिन माना जाएगा देखना अब यह है कि ब्यूरोक्रेसी की सबसे बड़ी कुर्सी से पर्दा कब उठना है ब्यूरोक्रेसी के गलियारों के जानकार सूत्रों का कहना है कि 6 महीने का उनको सेवा विस्तार मिल रहा है लेकिन इस बात से जुड़ा कोई भी पत्र अभी तक दिल्ली से लखनऊ नहीं पहुंचा है

# संक्षेप

## ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता का किया जायेगा आयोजन

उन्नाव।जिला युवा कल्याण एवं प्रा०वि० द० अधिकारी ने बताया है कि युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में जनपद, स्तरीय ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 04 जनवरी, 05 एवं 06 जनवरी 2024 को पं० दीन दयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया जा रहा है।जिसमें एथलेक्टिस, कबड्डी, वालीवाल, कुश्ती, भारोत्तोलन, बैडमिंटन की विधाओं में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना हैं खेल प्रतियोगिता में विकास खण्ड स्तर से प्रथम स्थान पाने वाले प्रतिभागी ही प्रतिभाग करेगें।विकास खण्ड स्तर से प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को जनपद स्तर तक मार्ग व्यय, भोजन, की व्यवस्था विभाग द्वारा की जायेगी। जनपद स्तर से विजयी प्रतिभागियों को जोन/राज्य स्तर की खेल लीग में प्रतिभाग कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि अन्य जानकारी हेतु विकास भवन प्रथम तल कार्यालय जिला युवा कल्याण अधिकारी, उन्नाव के कमरा नं0-64 या मोबाइल नम्बर 7388055431 पर सम्पर्क कर सकते है।

## माइनर में उतराता मिला मासूम बच्चे का शव

औरास, उन्नाव। संदिग्ध परिस्थितियों में बच्चे का शव रजबहा में उतराता मिला जानकारी पर परिवारीजनों में कोहराम मच गया वही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने किसी भी प्रकार का कोई आरोप प्रत्यारोप नहीं लगाया।औरास थाना क्षेत्र के खड़वल गांव निवासी बृजेंद्र पाल की पत्नी राधा शुक्रवार को सुबह करीब 5:30 बजे अपने लगभग 1 वर्षीय इकलौते बेटे शिवांश को घर के अंदर अकेला छोड़कर बाहर के गेट को बंद सौंचक्रिया करने के लिए चली गई, सौंचक्रियां करके वापस आने के बाद देखा की बच्चा घर में नहीं था और दरवाजा खुला पड़ा था , राधा की चीख निकल गई और पूरा मामला अपने परिजनो को बताया वही बच्चे के गायब होने की सूचना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई वही घटना के एक दिन पूर्व ही राधा का पति बृजेंद्र राजधानी रोजी-रोटी कमाने के लिए गया हुआ था जो कि घर पर नहीं था वही क्षेत्रीय व ग्रामीणों ने काफी खोजबीन की लेकिन पता नहीं चल सका ग्रामीणों ने मां राधा के कहने पर माइनर में खोजा जहां गांव के पूर्व में शारदा नहर का माइनर जो की खंडवल से होते हुए औरास को जाता है घर से लगभग 800 मीटर कि दूरी पर रजबहा में उतराता हुआ बच्चे का शव मिला मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और दादी सुखदेई बदहवास हो गई परिजनों की सूचना पर औरास पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल की परिजनों ने किसी भी प्रकार का किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है, वहीं ग्रामीणों ने बच्चे की हत्या कर शव फेके जाने की आशंका जताई है, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचयतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पारिवारिकजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत वाजिदपुर में प्रातः 10 बजे से दोपहर12:30 विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वाजिदपुर के पंचायत भवन में भाजपा जिलामहामंत्री आशीष बाजपेयी 'अटल' ने बताया भारत सरकार दो सौ पचास से अधिक योजनाये चला रही है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रो मे जानकारी के अभाव में लोग योजनाओ का लाभ नही उठा पाते है इसके लिए सरकार ने पूरे सरकारी अमले को आपके गाँव भेजा है। पूरे भारत में डिजिटल इंडिया को बढ़ावा दिया गया है। जिससे डिजिटल क्रांति आ गयी है। किसान मोर्चा के पूर्व जिलामहामंत्री रमेश चंद्र तिवारी कल्लू ने कहा पंडित दीनदयाल का सपना था कि समाज के हर तबके को सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का सीधे लाभ मिले इसके लिये भाजपा सरकार द्वारा हर गाँव मे छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाने के लिए कृत संकल्प है। इससे पहले की सरकारों में जनता ब्लॉक ,तहसील के चक्कर लगाती रह जाती है लेकिन इस सरकार में अधिकारी स्वंम आपके गाँव आकर समस्या सुन हल निकाल रहे है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अधिकार शेलेंद्र पटेल,प्रधान धर्मेंद्र बहादुर सिंह,सीएच्ओ ज्योति पूर्ति निरीक्षक दिनेश चंद्र,अनिल कुमार, शशि प्रकाश,पंचायत मित्र अन्नपूर्णा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

ग्राम मवइया मे भगवन्तनगर चैयरमैन आशीष शुक्ला ने बताया मोदी का सपना देश को विकसित बनाना है जिसके लिए मोदी कृतसंकल्प है। आगामी चुनावों में मोदी के लिए फिर से कमल को जिता कर लाना है। इस अवसर पर जिला कार्यकारणी सदस्य रामप्रसाद लोधी,महामंत्री नरेश मिश्रा ,प्रधान विमल,ग्राम पंचायत अधिकारी रजनीश यादव ,मनीष मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभाग के अधिकारियो ने उपस्थित जनता को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को विस्तार से बताया।

# माघ मेले को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव।जनपद प्रयागराज में माह जनवरी 2024 से माह मार्च 2024 तक आयोजित होने वाले माघ मेला 2024 के रोस्टर के समय गंगा नदी के जल की निर्मलता सुनिश्चित किए जाने हेतु माघ मेला 2024 के संबंध में गठित जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक पन्नालाल सभागार में जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि गंगा नदी की शुद्धता सुनिश्चित किए जाने हेतु प्रदेश में गंगा नदी बेसिन में स्थित विभिन्न जल प्रदूषणकारी उद्योगों को माघ मेला 2024 की रोस्टर अवधि में शून्य उत्प्रवाह निस्तारित किए जाने की बाध्यता आदेशित है तथा अवहेलना की स्थिति में उद्योगों के विरूद्ध बन्दी की कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने हेतु जिला प्रशासन एवं उ0प्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।तदक्रम में सभी उद्योगपतियों को निर्देशित किया गया कि माघ मेला के दौरान जनपद उन्नाव में शासन के द्वारा निर्धारित रोस्टर मकर संक्राति को 12.01.2024 से 15.01.2024, पौष पूर्णिमा को 22.01.2024 से 25.01.2024, मौनी अमावस्या को 06.02.2024 से 09.02.2024, बसन्त पंचमी को 11.02.2024 से 14.02.2024, माघी पूर्णिमा को 21.02.2024 से 24.02.2024 तथा महा शिवरात्रि को 05.03.2024 से 08.03.2024 तक की अवधि में जल प्रदूषणकारी समस्त इकाइयों की औद्योगिक उत्पादन प्रक्रियाएं बन्द रहेंगी तथा जो उद्योग जीरो लिक्विड डिसचार्ज पर आधारित हैं वे इकाइयां कोई भी उत्प्रवाह रोस्टर अवधि में निस्तारित नहीं करेंगी।इस अवसर पर डीएम द्वारा ईओ नगर पालिका परिषद उन्नाव एवं शुक्लागंज को निर्देशित किया गया कि जनपद उन्नाव में स्थित समस्त नालों में विगत वर्षों की भांति उत्प्रवाह के शोधन हेतु बायो रैमेडिएशन का कार्य माघ मेले से पहले अनिवार्यतः शुरू कर दिया जाए। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट अरूण मणि तिवारी, डिप्टी एसपी सोनम सिंह, एक्सईएन जलनिगम अजीत सिंह, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उन्नाव डा0 अनिल कुमार माथुर, उपायुक्त उद्योग सुरेन्द्र कुमार, सीईटीपी बंथर उन्नाव के अध्यक्ष ताज आलम सहित अन्य उद्योग प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने छात्र छात्राओं को दिए ऊनी वस्त्र



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कड़ाके की ठंड से ठिठुरते बच्चों को ऊनी कैप और मोजे मिलना खुशी जैसा होता है ऐसा अहसास आदर्श बिद्यालय इंटर कालेज अचलगंज के विद्यार्थियों को देखकर लगा प्रबन्धक कमल वर्मा के सौजन्य से नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा के पति राजीव वर्मा ने सभी छात्र और छात्र छात्राओं गर्म टोपी और मोजे प्रदान किये इस अवसर पर प्रबन्धक कमल वर्मा ने कस्बे के सामाजिक कार्यक्रमों में सहयोग करने वाले गणमान्य लोगों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अरुण देव द्विवेदी पूर्व प्रधान बिनोद गुप्ता प्रबंध समिति के पदाधिकारी प्रहलाद कुमार पंकज वर्मा अमित गुप्ता मनोज गुप्ता गुड्डू आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे संचालन शिक्षक मधुकर त्रिपाठी ने किया।

# आत्मदाह में झुलसे युवक की इलाज के दौरान मौत, परिजनो ने लगाया जाम

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भूले मऊ थाना पुरवा निवासी श्री चंद्र पुत्र रामस्वरूप बीते बुधवार को जमीनी विवाद का हल न निकालने के कारण परेशान था जिसमें बुधवार को पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया था जिसमें वह बुरी तरह जल चुका था जिसको वहां पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने उसको बचाया जिसके बाद उसको लेकर जिला अस्पताल ले गये जहां गंभीर हालत होने के कारण लखनऊ रेफर कर दिया गया था जहां बीती रात को उसकी मौत हो गई मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया मृतक पांच भाई वह तीन बहने थी जिसमें कृष्ण कुमार, हरिश्चंद्र ,फूलचंद, मूलचंद , वह सबसे छोटा श्री चंद था जबकि उनकी तीन बहने थी आशा देवी , अमरेश कुमारी , कमल किशोरी , वही चाची वंदना सिया दुलारी भाभी पत्नी संध्या आदि ने बताया की अक्टूबर माह में अनीश और उसके परिवार से झगड़ा हुआ था जिसमें फूलचंद को गहरी चोटे आई थी जिसमें पुलिस ने 7 लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया था जिसमें बाद में अनीश , मुनीर , मुमताज , हुआ शरीफ , का नाम हटवा दिया गया था जिससे वह बहुत दुखी था और लगातार मानसिक परेशान था भांजी ज्योति भतीजी शालिनी ने बताया कि जिस दिन उसके मामा के साथ घटना घटी इसके बाद एसपी ऑफिस से फोन आया की श्री चंद का एक्सीडेंट हो गया और उसका सर फट गया है जबकि या बराबर झूठ है परिवार के लोगों ने पुरवा अचलगंज मार्ग लगभग 2 घंटे तक जाम रखा लेकिन अधिकारियों की सूझबूझ से जाम खुलवा कर आवा गमन चालू करवाया । परिजनों की मांग पर को सी ओ दीपक कुमार सिंह एस एच ओ सुरेश सिंह को एस पी कार्यालय में संबंधित कर दिया गया।

# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव।पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई जिसमे एक किशोर समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां पर मौजूद चिकित्सक ने एक की हालत गंभीर देखते जिला अस्पताल भेज दिया आसीवन थाना क्षेत्र के बारी थाना गांव में जमीनी विवाद को लेकर नीरज 22 वर्ष छोटू 20 वर्ष पुत्रगण किशन व तेजपाल 58 वर्ष पुत्र जित्ता निवासी कुल्हा अटौरा घर आया था और सभी मिलकर शराब पी रहे थे परिवार की मीना कुमारी पत्नी राजेश ने बताया कि बारीथाना में एक प्लाट को लेकर विवाद चल रहा है वो आशा बहु के पद पर कार्यरत हैं तेजपाल नीरज व छोटू नशे में गाली गलौज कर रहे थे माना करने पर आशा बहु का सरकारी मोबाइल फोन तोड़ दिया जिसको लेकर दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई

जिसमे एक पक्ष से राजेश का 14 वर्षीय पुत्र बृजेश व दूसरे पक्ष से तेजपाल नीरज व छोटू गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मियागंज में भर्ती कराया गया प्राथमिक उपचार के बाद छोटू की गंभीर हालत देखते चिकित्सक ने जिला अस्पताल भेज दिया थाना प्रभारी संदीप मिश्रा ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर मिली है कार्यवाही की जाएगी।

# कारीगरों को मिलेगा एक लाख का लोन मोदी जी की गारंटी पर: भाजपा प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत कारीगरों को प्रशिक्षण उपलब्ध करवाकर उन्हें कुशल कारीगर बना उनके कौशल को निखारकर उनके जीवन स्तर में सुधार किया जाएगा। मोदी जी की गारंटी पर लोन उपलब्ध करवाया जायेगा। 18 विभिन्न ट्रेड में लोगों के कौशल को निखारने के लिए मास्टर ट्रेनरों के माध्यम से ट्रेनिंग दी जाएगी. इसके अलावा दो चरणों में लाभार्थियों को 3 लाख रुपये तक का लोन रियायती दरों पर दिया जाएगा यह बात जिला प्रभारी व प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा ने पीएम विश्वकर्मा योजना की भाजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यशाला में कही।उन्होंने इस कार्यशाला के बाद आयोजित विभिन्न अभियानों की जिलाबैठक में नमो एप, डिजिटल पेंटिंग, गांव चलो अभियान विस्तारक योजना पन्ना प्रमुख अभियान बूथ अध्यक्षों का सत्यापन सहित विभिन्न अभियानों और कार्यक्रमों की समीक्षा कर आगामी योजना रचना बनवाई।

जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यशाला और तीन बैठकों में योजना तैयारियों को प्रस्तुत किया।जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने कहा प्रत्येक बूथ पर पन्ना प्रमुख बनाने हैं यह सभी कार्य अभियान 10 तारीख से पूर्व संपन्न करवाने हैं। 30 दिसंबर को प्रत्येक मंडल पर बैठक आयोजित होनी है।भारतीय जनता पार्टी कार्यालय उन्नाव में आयोजित हुई पीएम विश्वकर्मा योजना की कार्यशाला और बैठकें जिसमें इस योजना से संबंधित विभिन्न जानकारी उपलब्ध करवाई गई। बैठकों में जिला बैठक मंडल प्रवासी बैठक आयोजित हुई बैठक का संचालन अभियान संयोजक जिला महामंत्री आशीष बाजपेई अटल ने किया।बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभान शंकर दीक्षित, क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा भगवती प्रसाद रावत जिला महामंत्री बिपिन मिश्रा जिला उपाध्यक्ष महेश चंद्र दीक्षित अनुराग अवस्थी विमला कुरील अनिल कुशवाहा कृष्ण कुमार वर्मा आनंद अवस्थी जिला मंत्री रजनीश वर्मा राम नरेश सिंह सरोज सिंह जिला कोषाध्यक्ष मनीष जायसवाल जिला व्यवस्था प्रमुख गिरीश वर्मा जिला मीडिया प्रभारी समीर शुक्ला आईटी प्रमुख अवनीश सोशल मीडिया जैनेंद्र शुक्ला मंडल अध्यक्ष मंडल प्रवासी अभियान जिला विधानसभा संयोजक सह संयोजक आदि उपस्थित रहे।

# अन्ना जानवरों से परेशान किसानों के सहारा बने अंकित शुक्ला

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद संस्थापक अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने अन्नदाता किसानों का सहारा बनकर उनकी समस्या शासन आलाधिकारियों तक पहुंचाने का कार्य करने का संकल्प लिया और बताया इस भीषण ठंड जिन्हें घर पर रहना चाहिए वह अपने खेत में पहरा दे रहे हैं गेहूं की बुवाई हो चुकी है और पौधा बड़ा होने लगा है, लेकिन गांवों में आवारा पशुओं की वजह से गेहूं की फसल पर खतरा बना हुआ है फसल को नुकसान से बचाने के लिए किसान जतन भी खूब कर रहे हैं, जिससे आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने कहा कि यह समस्या जिलेभर में बनी हुई है धान कटाई होने पर जैसे ही खेत खाली हुए, तो किसानों ने गेहूं की बुवाई कर दी। जिन खेतों में अगेती बुवाई हुई, उनमें गेहूं का पौधा काफी बढ़ गया है, तो 25 दिसंबर तक बुवाई वाले खेतों में भी पौधा निकलना शुरू हो गया है। इसी बीच किसानों की चिंता आवारा पशुओं ने बढ़ा दी है। आवारा पशु खेतों में घुसकर अभी से गेहूं की फसल को नष्ट कर रहे हैं, अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने बताया जिस कारण किसानों को काफी परेशान होना पड़ रहा है तारबंदी पर 50 हजार रुपये प्रति एकड़ का खर्च फसल को बर्बाद होने से बचाने के लिए किसान अपने खेतों की तारबंदी भी कर रहे हैं। खेत के चारों तरफ पिलर गाड़कर तार की फेंसिंग की जा रही हैं, ताकि फसल में आवारा पशु न घुसने पाएं। इस कार्य पर किसानों को प्रति एकड़ 50 हजार रुपये तक का खर्चा उठाना पड़ रहा है और रात में पहरा देने को मजबूर किसान क्षेत्र के गांव घुरखेत गौशाला निर्माण न होने पर आक्रोश जताते हुए संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला का सहारा लेकर जनपद व प्रदेश में उनकी आवाज को बुलंद करने के लिए हर संभव मदद के लिए आगे रहने की बात कही अध्यक्ष अंकित शुक्ला का कहना है कि पहरा देने के बावजूद आवारा पशु खेतों में घुसकर फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। सरकार को इस दिशा में कदम उठाने चाहिए संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने बताया कि क्षेत्र में नील गाय और आवारा पशुओं ने किसानों की फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया है।इस संबंध में जनपद व तहसील में भी शिकायत की गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ गांव घुरखेत निवासी किसान पन्नालाल का कहना है कि उनके खेतों में गेहूं, सरसों आदि की फसल बो रखी है। कई जंगली जानवर फसल को नुकसान कर रहे हैं। रात में पहरा भी देना पड़ रहा है। गांव तोरा निवासी कुलदीप का कहना है कि आवारा पशुओं को खेतों में घुसने से रोकने के लिए सरकार को कदम उठाने चाहिए गो संरक्षण केंद्र का निर्माण जल्दी पूरा कराया जाना चाहिए गांव मनिकापुर निवासी किसान लल्लू का कहना है कि गेहूं और धान की फसल को गोवंश के अलावा नीलगाय, जंगली सूकर और बंदर नुकसान पहुंचा रहे हैं। कई बार वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी, मगर कार्रवाई नहीं हुई गांव कला निवासी किसान हरी बाबू का कहना है कि घाड क्षेत्र में पहले तो बारिश के अभाव में फसल पनप ही नहीं पाती है, यदि गेहूं, सरसों आदि की थोड़ी बहुत फसल होती है, तो आवारा पशु नुकसान पहुंचा देते हैं।संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने जनपद की आला अधिकारियों से पत्र देकर जिन ग्राम सभा में गौशाला नहीं निर्माण है उन जगह निर्माण कराया जाए ऐसा कहते हुए चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो तहसील स्थल जनपद स्तर प्रदेश स्तर पर विशाल धरना प्रदर्शन किसानों का चलेगा और गोवंशों को सरकारी स्कूलों में बंद किया जाएगा सिर्फ एक हफ्ते का समय दिया गया है आला अधिकारियों को क्योंकि किसान हमारे बहुत ही परेशान है वह और हम मिलकर गोवंशों की देखभाल कर सकते है भीषण ठंड में अंकित शुक्ला ने किसानों का दर्द समझा और उनसे देर रात मिलाकर सभी के हस्ताक्षर कराकर जल्द से जल्द गौशाला निर्माण करने का शासन दिया एवं किसानों ने बताया कि अगर हमारे ग्राम सभा में गौशाला बन जाता है तो आप हमारे भगवान होंगे ऐसे में संस्था प्रभारी अंकित शुक्ला भावुक होकर कहने लगे कि आप सब हमारे पिता तुल्य हैं इस भीषण ठंड में भी अंकित शुक्ला हजारों गौ माता वर्षों को कंबल झूम बोरा पहनकर उनकी सेवा कर रहे हैं।

# यूपीडा की सड़क दे रही हादसों को दावत

अमन लेखनी समाचार



औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे के निर्माण कर्ता यूपीडा द्वारा एक्सप्रेसवे के किनारे सर्विस रोड का निर्माण भी कराया था जिसमें क्षेत्रीय व आसपास के गांवो का आवागमन सुचारू रूप से चलता रहे और क्षेत्रीय लोगों को आने-जाने में कोई समस्या ना हो लेकिन यूपीडा की लापरवाही से औरास से लखनऊ जाने वाले मार्ग पर मैनी भावा खेड़ा पुल के दोनो तरफ यूपीडा द्वारा बनाई गई सर्विस रोड पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है जानकारी के बावजूद भी यूपीडा जानकर भी अनजान बना हुआ हैं

आपको बताते चले कि लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड से औरास से लगभग 32 किलोमीटर की दूरी तय कर राजधानी जाते रहते हैं

लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे के निर्माण के बाद में सर्विस रोड का निर्माण हुआ था

जिससे कि लोगों को सुगम व सरल यातायात की व्यवस्था हो सके लेकिन लगभग पिछले छह माह से मैनी भावा खेड़ा के दोनो तरफ सर्विस रोड पूरी तरह ध्वस्त हो गई है

वही क्षेत्रीय लोगों में विपिन गौतम, रोहित सैनी,मोनू सभासद,रोहित कुमार कनौजिया,पवन कुमार शर्मा,आरिफ अली, सतीश त्रिपाठी, आदि लोगों ने जिलाधिकारी महोदया उन्नाव को जरिए फोन अवगत कराया की नेहरा बाबा मंदिर के पास अज्ञात लोगों के द्वारा सर्विस रोड पर बहुत बड़ा गड्ढा खोद दिया गया है जिससे कि आने जाने वाले लोग उस गड्ढे में गिरकर चुटहिल होते रहते हैं वही जिलाधिकारी महोदया उन्नाव ने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द से जल्द यूपीडा से सामंजस्य स्थापित कर उपरोक्त सर्विस लाइन की सड़क व उपरोक्त गड्ढे को दुरुस्त कराया जाएगा

# ठंड से कांपे लोग, हाथ-पैर पड़े सुन्न जनजीवन हुआ प्रभावित

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। इन दिनों ठंड का प्रकोप बढ़ने लगा है।पहाड़ों में बर्फबारी से मैदानी इलाकों में गलन बढ़ने लगी है।ठंडी हवाओं की वजह से जनजीवन कांप उठा .पिछले तीन दिन से कड़ाके की ठंड पड़ रहीहै। रात से ही घना कोहरा छा रहा है,आसमान में धुंध और बादल छाने से गुरूवार कोसूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए वहीं शुक्रवार को कम ही सूर्य देव के दर्शन हो पाए। जिससे तापमान लुढ़क गया और कोहरा व शीतलहर चलने से लोग कांप उठे है। ऐसे में ठंड से बचने के लिए लोगों कोमजबूरन घरों में कैद होना पड़ रहा है। वहीं कोहरे की वजह से दृश्यता बेहद कम होने से यातायात प्रभावित रहा। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र में इन दिनों ठंड का प्रकोप बढ़ने लगा है। पहाड़ों में बर्फबारी से मैदानी इलाकों में गलन बढ़ने लगी है। ठंडी हवाओं की वजह से जनजीवन कांप उठ रहा है।हाथ-पैर सुन्न होने लगे हैं।हालांकि अभी दोपहर में धूप निकलने से लोगों को कुछ हद तक राहत मिल रही है, लेकिन सुबह-शाम ठंड ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है।जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा समस्या दो पहिए वाहन चालकों को हो रही है।पिछले एक सप्ताह से मौसम का मिजाज बदल गया है। तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है।साथ-साथ लोगों को कड़ाके की ठंड का भी अहसास होने लगा है। जिससे सुबह-शाम लोगों की कंपकंपी छूटने लगी है। हालात यह हो गई है कि हाथ-पैर सुन्न पड़ने लग गए है।ठंड की वजह से सुबह में बाजार में स्थित दुकानें देरी से खुल रही है, जबकि शाम को भी व्यापारी अपनी दुकानों को जल्दी ही बंद कर घरों कीतरफ रूख करने लगे है। चाय-नाश्ते की दुकानों परभी लोगों की भीड़ लग रही है। गनीमत बस यह है किअभी दोपहर में धूप खिल रही है।ठंड से राहत पाने के लिए लोग अपने घरों की छतों, पार्कों, खुले मैदानो में बैठ रहे है। ताकि ठंड से बचा जा सकें।लेकिनजिन दिन सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए, उस दिन लोगों को ज्यादा ठंड का अहसास होगा।

# सत्संग समारोह के अंतिम दिन प्रभात फेरी निकाल कर लोगो को किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव।स्थानीय कस्बे के मोटेश्वर मंदिर के भगवती चरण वर्मा पार्क में चल रहे सत्संग समारोह के अंतिम दिन वक्ताओं ने धर्म के प्रति आस्थावान बनने की सीख दी।वही भिनकीपुर धाम के स्वामी रामस्वरूप ब्रह्मचारी की अगुवाई में निकाली गई प्रभात फेरी कस्बे में भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया। प्रभातफेरी मोटेश्वर मंदिर से शुरू हुई और नगर के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण करते हुए शंकरी देवी मंदिर होते हुए वापस आयोजन स्थल पर समाप्त हुई। प्रभातफेरी के दौरान साधु संतों का पुष्प वर्षा कर फूल मालाओं से जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। गौरतलब है कि विगत 71 वर्षों से कस्बे के मोटेश्वर मंदिर समीप भगवती चरण वर्मा पार्क में संत सम्मेलन का आयोजन होता चला आ रहा है।तीन दिवसीय समारोह में देश व प्रदेश से साधु संत अपने अमृत वचनों से लोगो को आध्यात्म के प्रति जागरूक करते है।इस बार भी रामस्वरूप ब्रह्मचारी की अध्यक्षता में तीन दिनों तक लगातार विद्वत जनो ने लोगो को ईस्वर के विभिन्न चरित्रों की कथा का रसपान कराया।

अंतिम दिन साधु संतों ने नगर भ्रमण कर धर्म के प्रति जागरूक किया।स्थानीय शंकरी देवी मंदिर में चेयरमैन पति सौरभ बाजपेयी,सुनील चौरसिया,देवकी नंदन सैनी,तिवारी रेस्टोरेंट पर मोनू तिवारी,सौरभ तिवारी,किरन गुप्ता,रणधीर क्लॉथ हाउस पर राजेश गुप्ता,राजा गुप्ता,रामजी गुप्ता,राघवेंद्र यादव,गुप्ता बर्तन भंडार पर संजीव गुप्ता, अंशू,चंदन आदि सहित लोगो ने जगह-जगह साधु संतों को अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत सत्कार कर आशीर्वाद लिया।भ्रमण के दौरान संयोजक राजू स्वर्णकार,डॉक्टर संजीव अग्निहोत्री,पूर्व चेयरमैन अनुज दीक्षित,सतेंद्र शुक्ला,सौरभ ओमर, राजीव गुप्ता,सुरेश गुप्ता,विनोद मिश्रा,सभासद बेचे गुप्ता,सुभाष द्विवेदी,इन्नू लोधी आदि लोग मौजूद रहे।

## चिंतन

# भारतीय जहाज पर हमले की हिमाकत ना करे कोई

भारत ने अरब सागर में अपने मालवाहक जहाज पर ड्रोन हमले को गंभीरता से लिया है। भारत आ रहे मालवाहक जहाज केम प्लूटो पर गत 23 दिसंबर को हुए हमला हुआ था। एमवी केम प्लूटो पर हुए हमले के बाद शाम को भारतीय क्रू मेंबर्स वाले एक और जहाज पर हमला हुआ था। इसमें 25 भारतीय मौजूद थे। माना जा रहा है कि हुती विद्रोहियों ने भारत के इस जहाज पर ड्रोन से हमला किया है। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने रविवार को कहा था कि केम प्लूटो पर ईरान से हमला हुआ था। हालांकि, ईरान ने इस दावे को खारिज करते हुए हमले में हाथ होने से इन्कार कर दिया। एमवी केम प्लूटो सऊदी अरब से भारत आ रहा था। ईरान ने बेशक इस हमले में हाथ होने से इनकार किया है, वह भारत से अपने रिश्ते को खराब नहीं करना चाहेगा, लेकिन हुती पर शक संदेह से परे नहीं है। लाइबेरिया के शिया आतंकी गुट हुती को ईरान से शह मिलता रहा है। अब तक भारत को दक्षिण चीन सागर में चीनी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन अब लगता है अरब सागर में भारत को अपने मालवाहक विमानों की खास निगरानी करनी पड़ेगी। हमास इजराइल जंग में भारत का इजरायल का नैतिक समर्थन करना हुती को रास नहीं आ रहा है, इसलिए खुंदक में वे भारतीय मालवाहक को निशाना बना सकते हैं। भारत ने अरब सागर में अपने तीन युद्धपोत आईएनएस मोरमुगाओ, आईएनएस कोलकाता और आईएनएस कोच्चि तैनात कर दिए हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भरोसा दिया है कि इन हमलों के लिए जो भी जिम्मेदार है, उन्हें समुद्र की गहराइयों से भी ढूंढ निकाला जाएगा। नेवी ने कहा कि जहाज पर जो मलबा मिला है, उससे इस बात की पुष्टि होती है कि उस पर ड्रोन से हमला किया गया था। जहाज पर फोरेंसिक जांच के जरिए ये पता लगाने की कोशिश की जाएगी कि हमला कितनी दूरी, कौन से विस्फोटक से किया गया था और ये कितना खतरनाक हो सकता था। भारत ने विस्तारित दूरी की सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल दागने की क्षमता से लैस 'स्टेल्थ गाइडेड' मिसाइल विध्वंसक आईएनएस इंफाल को मंगलवार को मुंबई में भारतीय नौसेना में शामिल किया है। नौसेना के अनुसार, यह युद्धपोत परमाणु, जैविक और रासायनिक (एनबीसी) युद्ध के हालात में भी लड़ने में सक्षम है। इंफाल से भारत समंदर में और मजबूत हुआ है। भारतीय नौसेना को 7516 किलोमीटर से ज्यादा के समुद्र तटीय इलाके की निगरानी करनी होती है। चीन के चलते दक्षिण चीन सागर व हिंद- प्रशांत क्षेत्र में भारतीय नौसेना को मुस्तैद रहना पड़ता है। अब अरब सागर, लाल सागर और अदन की खाड़ी में भारत को अपनी समुद्री सुरक्षा पर ध्यान देना होगा। भारतीय नौसेना के पास फिलहाल 132 युद्धपोत हैं। नौसेना 2030 तक अपने जंगी जहाजों के बेड़े को बढ़ाकर 160 व 2035 तक 175 कर लेगी। भारत का लक्ष्य हिंद महासागर क्षेत्र में मजबूत होना, जिबूती, हॉर्न ऑफ अफ्रीका, कराची, ग्वादर और कंबोडिया में बढ़ रहे चीन की नौसेना के वर्चस्व को रोकना है। चीन भी अपनी ताकत बढ़ा रहा है, उसका लक्ष्य 555 युद्धपोतों तक पहुंचना है, पर भारत रणनीतिक रूप से चीन को टक्कर देने में सक्षम है। भारत अपना 55 फीसदी से अधिक ट्रेड समुद्री रास्तों से करता है, इसलिए समुद्री सुरक्षा को मजबूत रखना जरूरी है। भारतीय मालवाहक जहाज पर ड्रोन हमला करने वाले को सबक सिखा कर भारत को सख्त संदेश देना होगा कि भविष्य में कोई भी भारतीय जहाज पर हमला की हिमाकत ना करे।

## जयंती

विवेक शुक्ला



# गालिब को कैसे जिंदा किया मंटो ने

आप जब दिल्ली-6 की संकरी गलियों से गुजरते हुए मिर्जा गालिब के बल्लीमरान वाले घर या फिर वहां से आठ-दस किलोमीटर उनकी बस्ती निजामुद्दीन में मौजूद कब्र के पास खड़े होते हैं तो यह ख्याल भी आता कि इधर कौन-कौन उस सदियों के शायर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आया होगा। बेशक, गालिब से जुड़े इन दोनों स्मारकों पर हाजिरी देने कथाकार सआदत हसन मंटो तो आए ही होंगे। मंटो 1940 के दरम्यान दिल्ली में ही थे। वो 1940 के दशक के शुरूआती बरस थे। आजादी की लड़ाई का दौर था। देश में अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ गुस्सा बढ़ता जा रहा था। दिल्ली में भी लगातार आंदोलन हो रहे थे। उन दिनों सआदत हसन मंटो दिल्ली आकाशवाणी में नौकरी कर रहे थे। मंटो और उर्दू के मशहूर अफसाना निगार किशन चंदर साथ-साथ नौकरी करते थे। जब भी फुर्सत मिलती तो दोनों दिल्ली की सड़कों, गलियों और मोहल्लों की खाक छानते। मंटो की शख्सियत पर मिर्जा गालिब की शायरी का गहरा असऱ था। मंटो और कृष्ण चंदर जामा मस्जिद इलाके में उर्दू बाजार में घूमने-फिरने आते। मंटो रहते थे मोरी गेट में। ये नहीं हो सकता कि तब ये दोनों गालिब साहब के घर और कब्र पर ना गए हों। जामा मस्जिद से गालिब साहब का बल्लीमरान वाला घर कोई बहुत दूर तो है नहीं। अब वहां पर उनका स्मारक बना हुआ है। मंटो और कृष्ण चंदर मोरी गेट से टांगे पर जामा मस्जिद आ जाया करते होंगे। फिर वहां से गालिब के घर पैदल ही चले जाते होंगे। जहां अब गालिब स्मारक है वहां पर कोयले का टाल देखकर मंटो उदास जरूर होते होंगे। गालिब के घर के आगे खड़े होकर मंटो और कृष्ण चंदर ने जरूर बातें की होंगी कि वे (गालिब) यहां अपने दोस्तों के साथ कैसे गर्मियों में मीठे आम खाते होंगे। वे आमों के शौकीन थे। नसीरूद्दीन शाह 'गालिब' सीरियल में गालिब साहब के किरदार को निभाते हुए कई बार आम को चूसते हुए ही दिखाई देते हैं। तो साफ है कि गालिब साहब दशहरी ही पसंद करते होंगे। दशहरी आमों की खेती पश्चिम उत्तर प्रदेश में खूब होती रही है। बेशक, कभी ना कभी मंटो गालिब की कब्र पर भी पहुंचे होंगे।उनकी कहानी पर बनी मिर्जा गालिब फिल्म की सफलता के बाद फिल्म के निर्माता सोहराब मोदी ने गालिब की कब्र को संगमरमर के पत्थरों से ठीक करवाया था। मंटो ने दिल्ली में रहते हुए किशन चंदर के साथ 'बंजारा' फिल्म की कहानी भी लिखी। जिसे सेठ जगत नारायण ने ख़रीदा था। सेठ साहब दिल्ली की असरदार हस्ती थे। वे जगत, रिट्ज और नॉवेल्टी सिनेमा घरों के मालिक थे। उनका संबंध दिल्ली की खत्री बिरादरी से था। मंटो ने दिल्ली में ही 'मिर्जा गालिब' कहानी लिखी। वे दिल्ली में तकरीबन दो साल रहने के बाद अपने पसंदीदा शहर मुंबई लौट गए। उन्हें 'मिर्जा गालिब' फिल्म की कहानी लिखते हुए गालिब के घर और कब्र पर बिताया वक्त जरूर याद आता होगा। देश के विभाजन के बाद मंटो पाकिस्तान चले गए। उनका 1955 में निधन हुआ। तब देशभर में'मिर्जा ग़ालिब' फिल्म चल रही थी। मंटो की मौत से अवाक किशन चंदर ने तब लिखा था-'जिस दिन मंटो से मेरी पहली मुलाक़ात हुई, उस रोज मैं दिल्ली में था। जिस रोज़ वह मरा है, उस रोज़ भी मैं दिल्ली में मौजूद हूं। उसी घर में हूं, जिसमें चौदह साल पहले वह मेरे साथ पंद्रह दिन के लिए रहा था। घर के बाहर वही बिजली का खंभा है, जिसके नीचे हम पहली बार मिले थे। वह ग़रीब साहित्यकार था। वह मंत्री न था कि कहीं झंडा उसके लिए झुकता। आज दिल्ली में मिर्जा ग़ालिब पिक्चर चल रही है। इसकी कहानी इसी दिल्ली में, मोरी गेट में बैठ कर मंटो ने लिखी थी। एक दिन हम मंटो की तस्वीर भी बनाएंगे और उससे लाखों रुपये कमायेंगे।' मिर्जा ग़ालिब'1954 में रीलीज हुई तो उसकी स्पेशल स्क्रिनिंग राष्ट्रपति भवन में भी हुई।





सामरिक

डॉ. एल. एस. यादव

# उपलब्धियों वाला रहा रक्षा क्षेत्र

> इस साल एलएसी पर चीन की नापाक हरकतों का मुहंतोड़ जवाब देने के लिए देश ने अपनी रक्षा तैयारियों को मजबूत किया। तूफानों में भी अपने लक्ष्यों को हासिल करने वाली भारतीय सेना ने विषम पहाड़ी एवं भयंकर ठंड वाली परिस्थितियों में चीनी सेना की चुनौती से निपटने के लिए अपनी तैयारी में इजाफा किया। इसी तरह पाक सीमा पर मिलने वाली आतंकी चुनौतियों का बेहतर जवाब दिया गया। चीन की सीमा पर वर्ष 2020 में जो तनाव शुरू हुआ था वह अभी तक समाप्त नहीं हुआ है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश से लद्दाख तक, हिमाचल व उत्तराखंड से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा तक अपनी सैन्य तैयारी बढ़ा रखी है।

समाप्त हो रहा वर्ष 2023 रक्षा क्षेत्र के लिए विकास एवं उपलब्धियों वाला कहा जाएगा, क्योंकि इस वर्ष देश की सुरक्षा को मजबूती प्रदान करने के लिए अनेक कार्य हुए और भारत रक्षा चुनौतियों से निपटने में सक्षम रहा। इस साल एलएसी पर चीन की नापाक हरकतों का मुहंतोड़ जवाब देने के लिए देश ने अपनी रक्षा तैयारियों को मजबूत किया। तूफानों में भी अपने लक्ष्यों को हासिल करने वाली भारतीय सेना ने विषम पहाड़ी एवं भयंकर ठंड वाली परिस्थितियों में चीनी सेना की चुनौती से निपटने के लिए अपनी तैयारी में इजाफा किया। इसी तरह पाक सीमा पर मिलने वाली आतंकी चुनौतियों का बेहतर जवाब दिया गया।

चीन की सीमा पर वर्ष 2020 में जो तनाव शुरू हुआ था वह अभी तक समाप्त नहीं हुआ है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश से लद्दाख तक, हिमाचल व उत्तराखंड से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा तक अपनी सैन्य तैयारी बढ़ा रखी है। पाकिस्तान सीमा पर बढ़ती आतंकी घुसपैठ व गोलीबारी के कारण चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। चीन व पाक की इन हरकतों से निपटने के लिए जवानों को आक्रामक तौर पर मजबूत किया गया। सैन्य ताकत बढ़ाने के उद्देश्य से सेना के तोपखाने को तथा वायु सेना के लड़ाकू विमानों की तैनाती बढ़ाई गई। इसके अलावा गहन युद्ध के लिए हथियार और गोला बारूद रखने की छूट दी गई।

वर्ष 2023 के दौरान रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भरता की ओर काफी आगे बढ़ा। मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के लिए विदेश से रक्षा आयात को कम करने का फैसला लेकर रक्षा उपकरणों को स्वदेषी कंपनियों से खरीदने के आर्डर दिए गए। डीएसी की बैठक में 97 तेजस मार्क-1 ए लड़ाकू विमान, 156 प्रचंड लड़ाकू हेलीकॉप्टर, तीसरे नए स्वदेशी विमानवाहक पोत के निर्माण, सुखोई-30 एमकेआई श्रेणी के 87 विमानों का आधुनिकीकरण, 5.56 ग 45 कार्बाइन, 200 माउंटेन गन सिस्टम, 400 टोड आर्टिलरी गन सिस्टम तथा मध्यम दूरी की जमीन से हवा में मार करने में सक्षम मिसाइलों के खरीदे जाने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। इससे भारतीय सेनाओं की ताकत कई गुना बढ़ जाएगी। डीएसी की मंजूरी वाली 2.23 लाख करोड़ रुपये की यह खरीद घरेलू रक्षा उद्योगों से की जाएगी। वर्ष 2023 में रक्षा उत्पादन एक लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गया जो कि एक रिकॉर्ड है। इसके अलावा रक्षा निर्यात नई ऊंचाइयों को पार करते हुए 16000 करोड़ तक पहुंच गया। यह पिछले वर्ष करीब 3000 करोड़ रुपये था। डीएसी ने तीसरे विमानवाहक पोत के निर्माण को मंजूरी दे दी है। नौसेना के पास अभी दो विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य तथा आईएनएस विक्रांत हैं। इनमें से विक्रमादित्य रूस से खरीदा गया था और विक्रांत स्वदेश निर्मित है। नया विमानवाहक पोत स्वदेशी विक्रांत की तरह ही होगा। यह पोत 40000 करोड़ की लागत से बनेगा। 45000 टन वजन वाला यह पोत कोचीन शिपयार्ड में बनाया जाएगा। इसकी लंबाई 262 मीटर, चौड़ाई 62 मीटर और उंचाई 59 मीटर की होगी। इसकी गति 52 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। यह पानी में तैरते हुए किसी सैन्य अड्डे की तरह



होगा। इस पर तकरीबन 28 लड़ाकू विमानों के अतिरिक्त बड़ी संख्या में हेलीकॉप्टर, मिसाइल, रॉकेट, गन और बमों जैसे खतरनाक हथियार तैनात रहेंगे। यह 400 किलोमीटर की एरिया की निगरानी करेगा और इतने क्षेत्र के खतरों से निपटने में सक्षम होगा। इससे हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की ताकत काफी बढ़ जाएगी।

स्वदेशी गाइडेड मिसाइल विध्वंसक पोत 'सूरत' के शिखर का अनावरण 6 नवंबर को किया गया। अग्रिम मोर्चे की निर्माणाधीन परियोजनाओं के तहत प्रोजेक्ट 15 बी में चार निर्देशित मिसाइल विध्वंसक पोतों का निर्माण शामिल है जिनमें से सूरत चौथा और आखिरी पोत है। यह पोत शत्रु की पनडुब्बियों, युद्धपोतों, एंटी सबमरीन मिसाइलों और युद्धक विमानों का मुकाबला करने की क्षमता रखता है। इसके शामिल होने से नौसेना की विध्वंसक क्षमता काफी बढ़ जाएगी। नौसेना को स्वदेशी मिसाइल विध्वंसक पोत आईएनएस इंफाल 26 दिसम्बर को मिल गया। यह समुद्र में शत्रु की चालबाजियों पर नजर रखेगा। इंफाल सबसे उन्नत किस्म का विध्वंसक युद्धपोत है। यह युद्धपोत सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों से लैस है। इसके अलावा इसमें पोतरोधी मिसाइलें व तारपीडो भी लगे हैं। यह अत्याधुनिक हथियारों एवं संसरों से लैस एक शक्तिशाली तथा बहुआयामी युद्धपोत है। इस जहाज में ब्रह्मोस एसएसएम के अलावा एम.आर.सेम, तारपीडो ट्यूब लॉन्चर्स, एंटी सबमरीन रॉकेट लॉन्चर्स और 76 एमएम री एस.आरजीएम की तैनाती शत्रु सेना के लिए काल बन जाएंगे। 22 नवंबर को भारतीय नौसेना को तीसरी बार्ज नौका 'मिसाइल सह गोला बारूद बार्ज, एलएसएएम 9 (यार्ड 77)' प्राप्त हो गई है। बार्ज नौका को मुम्बई के नौसेना डॉकयार्ड के आईएनएस तुणीर में शामिल किया गया। यह नौका भारतीय नौसेना के लिए 30 वर्षों तक काम करेगी। बार्ज नौका पर 8 मिसाइलों के साथ-साथ गोला बारूद भी लेकर जाया जा सकता है। इसके शामिल होने से नौसेना के जरूरी सामान इधर से उधर ले जाने में तथा चढ़ाने-उतारने में जो मदद मिलेगी उससे नौसेना की परिचालन गतिविधियों को तेजी प्राप्त होगी। अब समुद्र तट के आसपास एवं बाहरी बंदरगाहों पर भारतीय जहाजों के लिए गोला बारूद की आपूर्ति सुनिश्चित हो जाएगी। वायुसेना के लिए परिवहन विमान सी-295 का उत्पादन चालू करने के लिए गुजरात के बड़ोदरा में इसके प्लांट की आधारशिला रखी गई। अब इन विमानों का निर्माण भारत में ही किया जाएगा। अमेरिका की जेट इंजन निर्माता कंपनी जीई एरोस्पेस और हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के बीच जेट इंजन बनाए जाने को लेकर समझौता हुआ जिससे लड़ाकू विमानों के इंजन अब भारत मे ही बनेंगे। भारतीय वायु सेना को सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों को उन्नत बनाने की अनुमति मिल गई है। मिग-21 विमानों की कमी को पूरा करने के लिए वायु सेना 60000 करोड़ रुपये की लागत से 87 सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों को उन्नत बनाने का कार्य किया जाएगा।

लद्दाख क्षेत्र में सीमा पर टैंक व सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की तैनाती कर दी गई है। सेना की आपूर्ति व्यवस्था में कोई परेशानी न आए, इसके लिए सीमा पर बिछाई गई सड़कों के जाल ने स्थिति को बेहतर बना दिया है। राफेल विमानों की तैनाती लद्दाख सीमा पर की गई। हल्के तेजस विमान भी मिग-21 विमानों की जगह ले रहे हैं। सुखोई-30 एमकेआई, मिग-29 मल्टी रोल एयरक्राफ्ट और जगुआर जैसे विमान हर मौसम में लड़ाई के तैयार हैं। चीन से लगती सीमा के पास प्रमुख हवाई अड्डों पर दुनिया के सबसे हाईटेक मल्टीरोल हेलीकॉप्टर अपाचे एवं चिनूक हर मोर्चे से निपटने के लिए तैनात किए गए हैं। इस तरह चीन व पाकिस्तान से किसी भी स्थिति में निपटने को वायु सेना तैयार है।

## योग: कर्मसु कौशलम



संकलित

दर्शन

चित्तवृत्ति का भगवान में विलीन हो जाना योग है। यह महायोग बनता है भगवान की अहैतुकी कृपा से! श्रीरामचरितमानस में जहां भी योग है, वह केवल ईश्वर विषयक ही है। उसका सात्विक प्रयोजन और कोई नहीं है। श्री भरत चित्रकूट में भगवान के हृदय से मिलकर शून्य स्थिति को प्राप्त हो गए। न बुद्धि की सत्ता रही, न मन की चंचलता। चित्त में कोई संस्कार शेष न रहा। यही स्थिति योगी की होती है। वह योग करते-करते ईश्वर से एकाकार होकर प्रेम रस से भर जाता है। उसकी वाणी अवरुद्ध हो जाती है और मन रिक्त हो जाता है। भक्त का योग जब भगवान से होता है, मन, बुद्धि और चित्त के साथ साधन अहं शून्य हो जाता है। मन, बुद्धि, चित्त और अहं की स्वीकृति केवल साधन काल में ही होती है, पर साध्य की परम प्राप्ति में इनकी विस्मृति ही योग है। श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्याय योग हैं। अर्जुन विषाद योग से प्रारंभ होकर गीता की 18 योगों की नदियां मोक्ष संन्यास योग बनकर श्रीकृष्ण समुद्र में जाकर पूर्णता को प्राप्त हो जाती हैं। द्वापर में जितना भार श्रीकृष्ण ने उठाया, उतना त्रेता में श्रीराम को नहीं उठाना पढ़ा, क्योंकि श्रीराम के साथ के लोग अनुकूल थे। उनका काल उनके अनुकूल था, जबकि भगवान कृष्ण को तो सारी गीता सुना-समझाकर, अपनी योगस्थिति को बाजी पर लगाकर अर्जुन से कहना पड़ा कि जितने धर्म मैंने तुझे बताए हैं, तू उन सबको छोड़कर मेरी शरण में आ जा, मैं तुझे सारे पापों से मुक्त कर तुझे भी मुक्त कर दूंगा। -स्वामी मैथिलीशरण

## भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं



संकलित

प्रेरणा

एक सेठ के पास एक व्यक्ति काम करता था। सेठ उस व्यक्ति पर बहुत विश्वास करता था। वो व्यक्ति भगवान का बहुत बड़ा भक्त था। वह सदा भगवान के चिंतन भजन कीर्तन स्मरण सत्संग आदि का लाभ लेता रहता था। एक दिन उस ने सेठ से श्री जगन्नाथ धाम यात्रा करने के लिए कुछ दिन की छुट्टी मांगी सेठ ने उसे छुट्टी देते हुए कहा- भाई! मैं तो हूं संसारी आदमी हमेशा व्यापार के काम में व्यस्त रहता हूं, तुम जा ही रहे हो तो यह लो 100 रुपए मेरी ओर से श्री जगन्नाथ प्रभु के चरणों में समर्पित कर देना। भक्त सेठ से सौ रुपए लेकर श्री जगन्नाथ धाम यात्रा पर निकल गया। वह श्री जगन्नाथ पुरी पहुंचा। मंदिर की ओर प्रस्थान करते समय उसने रास्ते में देखा कि बहुत सारे संत, भक्त जन, वैष्णव जन, हरि नाम संकीर्तन बड़ी मस्ती में कर रहे हैं। भक्त भी वहीं रुक कर हरिनाम संकीर्तन का आनंद लेने लगा। उसने सोचा क्यों ना सेठ के सौ रुपए से इन भक्तों को भोजन करा दूँ। सबको भोजन कराने में उसे कुल 98 रुपए खर्च करने पड़े। उसके पास दो रुपए बच गए उसने सोचा चलो अच्छा हुआ दो रुपए जगन्नाथ जी के चरणों में सेठ के नाम से चढ़ा दूंगा। भक्त ने श्री जगन्नाथ जी के दर्शन किए और अंत में उसने सेठ के दो रुपए श्री जगन्नाथ जी के चरणो में चढ़ा दिए। भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं है। भगवान को वह 98 रुपए स्वीकार है जो जीव मात्र की सेवा में खर्च किए गए और उस दो रुपए का कोई महत्व नहीं जो उनके चरणों में नगद चढ़ाए गए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### 'एक देश एक चुनाव' क्यों जरूरी

25 जनवरी, वर्ष 1950 को स्वतंत्र भारत में लोकतंत्र को स्थापित करने के लिए चुनाव आयोग की स्थापना हुई थी। जब से चुनाव आयोग की स्थापना हुई है और जो कोई भी निर्वाचन आयुक्त हुए, उनकी देखरेख में चुनाव प्रक्रिया में सुधार हुआ भी है। देश में हर समय चुनाव का मेला लगा रहने से आदर्श आचार संहिता के कारण नए विकास के काम रफ्तार नहीं पकड़ पाते, इससे राजनीतिक दलों के खर्च पर नियंत्रण तथा चुनाव में कालाधन खपाने जैसी समस्याओं पर भी लगाम नहीं लग पाता। सरकारी विभागों के कर्मचारी चुनाव प्रक्रिया में व्यस्त रहते हैं। इससे आमजन को सरकारी विभागों में काम करवाने में परेशानी होती है।

- संदीप देवांगन, रायगढ़

## ट्रेंड

### रक्षा का संकल्प



वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए, कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है। वीर बालदिवस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का उद्बोधन हम सभी को विशेषकर देश की युवा पीढ़ी को विरासत पर गर्व कर आगे बढ़ने के लिए और अधिक प्रेरित करेगा।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### आविर्भाव दिवस की शुभकामनाएं



ईश्वर एवं गुरु तत्त्व की समन्वित अभिव्यक्ति अपने आश्रितजनों को श्रेष्ठता के शिखर वरेण्य तत्त्व का साक्षात्कार कराने वाले वेद योगादि विद्याओं के प्रवर्तक आद्य गुरु महायोगी भगवान दत्तात्रेय के आविर्भाव दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### आशा के अनुरूप काम



लोक सभा चुनाव संबंधित तैयारियों को लेकर बिहार प्रदेश के नेताओं से चर्चा हुई। बिहार में महागठबंधन सरकार लोगों को आशा के अनुरूप काम कर रही है। हम सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### नौसेना का धन्यवाद



नौसेना का नया स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक 'इम्फाल' पर भारतीय नौसेना को धन्यवाद। हमारे महासागरों को सुरक्षित बनाने के लिए और हम अपने कार्यबल के कौशल और तकनीकी क्षमताओं में भारी उन्नयन का स्वागत करते हैं जो घर पर ऐसे जहाजों के निर्माण से आता है।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

## करंट अफेयर

### गाजा में हजारों युद्धपीड़ितों की जिंदगी हुई नरक

इजराइली हवाई हमले में घायल हुई 22 वर्षीय शाइमा नाबाहिन के सामने उसकी जिंदगी का सबसे बड़ा सवाल खड़ा हो गया जब चिकित्सकों ने उसे दो विकल्प दिए – या तो अपना बायां पैर कटवा लो या फिर मरने के लिए तैयार रहो। इजराइली हवाई हमले में उसका टखना कुचला गया था और शाइमा को लगभग एक सप्ताह तक गाजा में अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा था। चिकित्सकों ने बताया कि उसके खून में जहर फैल गया। चिकित्सकों द्वारा दिए गए दो विकल्पों में से शाइमा ने जीवित रहने का विकल्प चुना



## ऑफ बीट

### मुझे कोविड है! लॉंग कोविड की कितनी संभावना है?

ऑस्ट्रेलिया के कुछ हिस्सों में ईजी.5 या एरिस कोविड वैरिएंट प्रमुख है। एरिस, अन्य परिसंचारी उपभेदों के साथ, ओमिक्रॉन के वंशज हैं। हालांकि ये स्ट्रेन मूल अल्फा और डेल्टा वेरिएंट की तुलना में कम गंभीर दिखाई देते हैं, लेकिन लंबे समय तक कोविड का खतरा बना रहता है। तो नवीनतम डेटा लंबे समय तक कोविड की संभावना के बारे में क्या कहता है? आपको किन लक्षणों पर ध्यान देना चाहिए? और लंबे समय तक कोविड से पीड़ित लोगों की सहायता के लिए क्या किया जा सकता है? जब कोविड 'लॉंग कोविड' बन जाता है।अधिकांश लोगों के लिए, लंबे समय तक कोविड का मतलब है कोविड संक्रमण के बाद ठीक नहीं होना।



# फसल को कीट रोगों से बचाने के लिए विशेष बातों का ध्यान दें किसान

**फसल में रोग की पहचान के लिए व्हाट्सएप पर सूचना दें किस**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। वर्तमान समय में मौसम के तापमान में उतार चढाव एवं बदली छायी रहने के कारण आलू में झुलसा (ब्लाइट) बीमारी की सम्भावना बढ जाती है। झुलसा (ब्लाइट) रोग दो प्रकार का होता है पहला अगेती झुलसा दूसरा पिछेती झुलसा। आलू की फसल में पौधे जलने की समस्या अगेती झुलसा रोग के कारण होती है। इस रोग की शुरूआत दिसम्बर से जनवरी माह में होती है। झुलसा (ब्लाइट) बीमारी के लगने की दशा में आलू की पत्तियों सूखने लगती है एवं गोल या अण्डाकार भूरे रंग के छल्लेयुक्त चखत्ते पड जाते है। चखत्ते धीरे-धीरे बढने लगते हैं और पौधा मर जाता है। यह रोग आल्टर्नेरिया सोलेनाई फंगस की वजह से होता है। इस बीमारी के लक्षण दिखाई देने की दशा में किसान भाई मैनकोजेब 75 प्रति० डब्लू.पी. अथवा कॉपरआक्सीक्लोराइड 50 प्रति० की 3 किग्रा० मात्रा 600-800 लीटर पानी में मिलाकर प्रति हैक्टेयर की दर से छिडकाव करें तथा आवश्यकतानुसार 15 दिन के अन्तराल पर दोबारा प्रयोग करें। वर्तमान समय में तापमान के बदलाव के कारण सरसो की फसल में माहू कीट लगने की सम्भावना बढती है। इस कीट के शिशु एवं प्रौढ पौधो के कोमल तनो, पत्तियो एवं फूलो के रस चूसकर उन्हें कमजोर कर देते है साथ ही रस चूसते समय पत्तियो पर मधुश्राव भी करते है, जिसपर काले कवक का प्रकोप होता है और प्रकाश संश्लेषण की किया बाधित होती है। इस रोग का प्रकोप दिसम्बर से मार्च तक बना रहता है। जनवरी के प्रथम सप्ताह में जहाँ कीट के समूह दिखाई दें उन टहनियो को तोड कर अलग कर देना चाहिए। खेत में इस कीट का आकमण लगभग 20 प्रतिशत हो जाने की दशा में इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रति० ई.सी. की आधा मिली०/लीटर पानी के साथ अथवा क्लोरपायरीफॉस 20 प्रतिशत ई.सी. की 2.5 मिली0 / लीटर पानी के साथ मिलाकर छिडकाव करें। सरसो में सफेद गेरूई रोग से बचाव हेतु मैनकोजेब 75 प्रति० डब्लू.पी. की 2 किग्रा0 मात्रा 500-600 लीटर पानी में मिलाकर प्रति हैक्टेयर की दर से छिडकाव करें। वर्तमान समय में गेंहू की फसल में सकरी पत्ती के खरपतवार हेतु सल्फोसल्फयूरॉन 75 प्रति डब्लू जी की 33 ग्राम मात्रा प्रति हेक्टेयर की दर से तथा चौडी पत्ती के खरपतवार हेतु 2-4 सोडियम साल्ट 80 प्रति० की 625 ग्राम मात्रा प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करें। गेंहू की फसल में चौडी एवं सकरी पत्ती के खरपतवार हेतु सल्फोसल्फयूरॉन 75 प्रति + मेट सल्फयूरॉन 20 प्रति की 40 ग्राम मात्रा प्रति हेक्टेयर की दर से बुवाई के 25-30 दिन के अन्दर पहली सिचाई के बाद प्रयोग करें। उक्त रसायन जनपद की सभी कृषि रक्षा ईकाइयों पर अनुदानित मूल्य पर उपलब्ध है। किसान भाई किसी भी समस्या / सुझाव हेतु अथवा कीट/रोग के लगने की दशा में रोगग्रस्त फसल/पौधे के फोटो के साथ विभागीय पी.सी.एस.आर.एस. नम्बर 9452247111 एवं 9452257111 पर व्हाटसएप अथवा टेक्सट मैसेज के माध्यम से शिकायत कर सकते है। किसान भाईयो को समस्या लिखते समय अपना पूरा नाम व पूरा पता (ग्राम, विकासखण्ड एवं तहसील आदि का नाम) भी अंकित करना होगा। समस्या का समाधान 48 घण्टे के भीतर कर दिया जाएगा।

# ग्राम प्रधान सहित कोटेदार के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश

**उप जिलाधिकारी महरौनी को दिए ज्ञापन में सात माह से नहीं दिया राशन**

अमन लेखनी सामाचार

ललितपुर/महरौनी तहसील अंतर्गत ग्राम मिर्चवारा के ग्राम वासियों ने कोटेदार के खिलाफ राशन न देने के साथ साथ राशन काला बाजारी कर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया है उप जिलाधिकारी महरोनी को दिए ज्ञापन में ग्राम प्रधान सहित दर्जनों लोग उप जिलाधिकारी कार्यालय गए जहां पर लोगों ने कोटेदार की दबंगी और भ्रष्टाचार की शिकायत की शिकायत में लाभार्थियों ने बताया कि उन्हें 7 माह से राशन नहीं दिया गया है जिससे उन्हें खाने के लाले पड़ गए हैं प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही गरीब कल्याण योजना के द्वारा उन्हें फ्री में राशन मिलता था पर गांव निवासी कोटेदार द्वारा खाद्यान्न में बड़ा भ्रष्टाचार किया जाता है ग्रामीणों का अंगूठा लगाने के बाद नेट पर समस्या जैसी लाभार्थियों को गलत सूचना देकर राशन विक्रेता दुकान से भगा देता है जिसकी शिकायत कई बार ग्रामीणों ने जिला अधिकारी कार्यालय मुख्यालय में आकर की पर बिना कोई कार्यवाही हुए महरौनी तहसील के मिर्चवारा गांव के निवासी मायूस घर वापस लौट जाते थे बीते दिन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सहित कई लाभार्थी उप जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां ज्ञापन के माध्यम से कोटेदार पर भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई करने के साथ बीते 7 महीना का खाद्यान्न दिलाए जाने की मांग की ज्ञापन में राजाराम बबलू धीरेंद्र सिंह, सीताराम, श्रीराम मनीराम, महेश, चैनू ,नारायण सिंह, सुजान सिंह महेंद्र सिंह सुंदरलाल, भागीरथ आदि के हस्ताक्षर हैं.।

# कागजों में बना दिया प्रधान मंत्री आवास

**मुख्य विकास अधिकारी ने आवास निर्माण में हुई गड़बड़ी को लेकर खण्ड विकास अधिकारी को दिए जांच के आदेश**

अमन लेखनी सामाचार

ललितपुर/केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजना प्रधान मंत्री आवास योजना द्वारा झोपड़ी एवम कच्चे घरों में रहने वाले गरीब परिवार के लोगों को लिए केंद्र सरकार ने प्रधान मंत्री आवास योजना चलाई जा रही है वही राज्य सरकार द्वारा विकलांग एवम छः रोगी ग्रस्त लोगों को मुख्य मंत्री आवास योजना अन्तर्गत लोगों को आवास बनाए जा रहे है पर सरकार की योजना में पलीता लगाने वाले जिम्मेदारों अपनी मनमानी कर योजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार करने से बाज नहीं आ रहे है हाल ही मैं मुख्य विकास अधिकारी को दिए शिकायती पत्र में ब्लॉक बिरधा अन्तर्गत रजवारा ग्राम पंचायत निवासी अनंत राम पुत्र छलोने ने प्रार्थना पत्र में पंचायत सचिव द्वारा प्रधान मंत्री आवास सूची में किया गया खेल को उजागर किया पीड़ित ने बताया लाभार्थी का नाम आवास सूचि में क्रमांक 95पर था जिसको सचिव और ग्राम प्रधान की मिली भगत से 2017में आवास क्रमांक आईडी 40004/413310को 13जुलाई 2017 में उसके नाम का आवास कागजों में पूर्ण दिखा दिया लाभार्थी को उसके साथ हुए आवास में भ्रष्टाचार की जानकारी लगते ही पैरों तले जमीन नहीं रही जब अपने आवास बनाने हेतू ग्राम प्रधान से शिकायत की तो प्रार्थी को अगली सूचि में बनाने का लोग दिया जा रहा है पर कागजों में बने आवास को लेकर पीड़ित ने जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र में सचिव और ग्राम प्रधान पर कड़ी कार्य वाही कर लाभार्थी के आवास बनाने मांग की।

## संक्षेप

### बाइक सवार ने साइकिल सवार मारा टक्कर

**ट्रैक्टर-ट्राली से टकराया बाइक सवार, युवक घायल, वृद्ध की मौत**

राठ, हमीरपुर के राठ कोतवाली क्षेत्र में मुस्करा रोड स्थित साईं मंदिर के पास तेज रफ्तार बाइक सवारों ने साइकिल सवार एक वृद्ध को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे हादसे में साइकिल सवार वृद्ध सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस के द्वारा आनन-फानन में इलाज हेतु राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान ही घायल वृद्ध की मौत हो गई। वहीं साइकिल सवार वृद्ध को टक्कर मारने के बाद बाइक सवार युवक भी अपने से आगे चल रही एक ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर घायल हो गए। जानकारी के अनुसार राठ कोतवाली क्षेत्र के अकौना गांव का निवासी वृद्ध हरचरन गुप्ता पुत्र गयादीन अपने गांव अकौना से साइकिल पर सवार होकर राठ आ रहा था। तभी रास्ते में राठ कोतवाली क्षेत्र के मुस्करा रोड पर स्थित साईं मंदिर के पास तेज रफ्तार बाइक सवारों ने पीछे से उसकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे हुए हादसे में साइकिल पर सवार वृद्ध हरचरन गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस के द्वारा तत्काल इलाज हेतु राठ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान घायल वृद्ध की मौत हो गई। वहीं साइकिल सवार वृद्ध हरचरन गुप्ता को टक्कर मारने के बाद बाइक सवार युवक अपने से आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराकर घायल हो गए। जिन्हें इलाज हेतु राठ सीएचसी में भर्ती कराया गया।

### बांदा में ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**बाइक में बैठी युवती को ट्रक ने कुचला, गुस्साए लोगों ने चौराहे पर लगाया जाम**

बांदा, बांदा के बबेरू में नो एंट्री के बाद भारी वाहनों की आवाजाही तेज रफ्तार चौराहे में कहर बनकर टूटी। बांदा से बबेरू होकर कमासिन की ओर जा रहे ट्रक ने मुख्य चौराहे में बाइक सवार को टक्कर मार दी। बाइक में बैठी युवती को कुचला दिया, जिसकी मौके पर मौत हो गई। मौत की खबर से चौराहा में भारी भीड़ लग गई। वहीं नो एंट्री के बाद ट्रकों का आवागमन होने से लोगों ने जमकर हंगामा किया। लोगों ने आरोप लगाया कि पैसा लेकर भारी वाहनों को निकाला जा रहा है। काफी देर तक लोग नारेबाजी कर हंगामा करते रहे। वहीं पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बबेरू कस्बा के शिवाजी चौराहा अंबेडकर निवासी टिवंकल (21) पुत्री बबलू वर्मा अपने मौसेरे भाई के साथ बाइक में बैठकर बांदा रोड जा रही थी। उधर बांदा की ओर से आ रहे ट्रक ने मुख्य चौराहा में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सड़क में गिर पड़ी। ट्विंकल को ट्रक ने कुचल दिया, जिससे मौके पर मौत हो गई। मौत की खबर से सनसनी फैल गई। लोगो ने चौराहा जाम कर दिया। वही जैसे ही पुलिस को सोचना मिली तो मौके पर पहुंची और लोगों को समझाया बुझाया।

# सऊदी कमाने गए युवक की सऊदी में हुई मौत, घर में मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। थाना क्षेत्र हुजूरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सखौता निवासी सुल्तान खान पुत्र मसाई खान उम्र लगभग 40 वर्ष अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए दो माह पूर्व सऊदी कमाने के लिए गया हुआ था। सऊदी में ही काम करते वक्त हृदय गति रुकने से उसकी मौत हो गई। दूरभाष के माध्यम से उनके परिजनों को उनके कफील द्वारा सूचना दी गई। इस घटना की सूचना पाते ही परिवार और गांव में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि सुल्तान का फोन 2 दिन से बंद होता नजर आया जिससे वह लोग दहशत में पड़ गए। आखिरकार सऊदी से फोन आने पर उसे मृतक की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया।

# संकल्प यात्रा जागरूकता कार्यक्रम में विधायक ने किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नसेनियां एवं मंगलपुर टकौली में विकसित भारत यात्रा के तहत ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित एवं जागरूक करने के लिए खंड विकास अधिकारी विपुल विक्रम सिंह के नेतृत्व में कृषि विभाग स्वास्थ्य विभाग बिकास विभाग विधुत विभाग पशुधन विभाग इंडेन गैस एजेंसी बाल विकास पुष्टाहार समेत विभिन्न विभागों के द्वारा जागरुकता प्रदर्शनी लगाकर विभिन्न विभागीय अधिकारियों के द्वारा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई चिकित्साधिकारी डा पुष्कर कटियार के निर्देशन में लगाये गये स्वास्थ्य शिविर में आये हुए ग्रामीणों को चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की इस दौरान दोनों ही ग्राम पंचायतों में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ पहुंचकर ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि सभी लोग योजनाओं का लाभ उठाएं केंद्र एवं प्रदेश सरकार सभी पात्र लाभार्थियों को संचालित योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध है नववधुओं की गोदभराई एवं नौनिहाल बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया विधायक राजेन्द्र पटेल ने ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को दूर करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया क्षेत्रीय विधायक भाजपा पदाधिकारियों खंड विकास अधिकारी विपुल विक्रम सिंह समेत विभिन्न विभागों के कर्मियों एवं ग्रामीणों ने 2047 तक विकसित भारत आत्मनिर्भर भारत बनाने के सपने को साकार करने के लिए संकल्प लिया खंड विकास अधिकारी ने ग्रामीणों को जागरूक कर महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाएं पूरी तरह निशुल्क है इस दौरान क्षेत्रीय विधायक ने विभागीय अधिकारियों एवं पार्टी के पदाधिकारियों के साथ परिसर में झाड़ू लगाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया इस दौरान ग्राम प्रधान टकौली सरसिज मोहन नवल किशोर विश्वकर्मा अवधेश अवस्थी मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता सोमेश्वर पटेल करण पटेल ओमप्रकाश तिवारी मनोज निषाद रज्जन लाल त्रिवेदी सुपर वाइजर अंजू उत्तम सीमा अवस्थी आशा कर्मी आंगनवाड़ी समूह की महिलाओं एवं विभिन्न विभागों के कर्मियों तथा महिलाओं समेत ग्रामीण मौजूद रहे

# उप जिलाधिकारी ने गरीब व असहाय लोगो को बांटे कंबल



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज उप जिलाधिकारी पंकज दीक्षित ने कड़ाके के ठंड मौसम में रात में अपने आवास से निकल कर गरीबों बेसहारा मजलूमों असहाय लोगों के बीच में पहुंचकर खुद लोगों को कंबल वितरित किए और खाने पीने की चीज भी मुहैया कराई। गरीब लोगों ने एसडीएम कैसरगंज को खूब दुआएं दी। कैसरगंज उपजिलाधिकारी पंकज दीक्षित ग्राम डिहवा शेर बहादुर सिंह ग्राम पुरैनी ग्राम ऐनी हतिंसी आदि गांव मे रात के अंधेरे मे कड़ाके की ठंड में निकल कर जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। इस मौके पर पवन चौहान लेखपाल गांव के गणमान्य नागरिक आदि लोग मौजूद रहे।

# सुल्तानपुर में मनाई गई महाराजा अहिबरन जयंती

- **बरनवाल समाज ने निकाली शोभा यात्रा, सम्मानित किए गए बरनवाल समाज के बच्चे और शिक्षक**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुल्तानपुर में मंगलवार को महाराजा अहिबरन जयंती के मौके पर नगर क्षेत्र में शोभा यात्रा निकाली गई। बरनवाल समाज के लोग इसमें बड़ी संख्या में शामिल हुए। शोभा यात्रा मेजरगंज चौराहे के ठठेरी बाजार से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होकर नबीपुर स्थित एक मैरिज लॉन पहुंची। जहां पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। बरनवाल सेवा समिति के लोगों द्वारा करीब अस्सी वर्षों से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सुल्तानपुर और अमेठी के बरनवाल समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होते रहे हैं। आज ठठेरी बाजार स्थित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पितकर शोभा यात्रा निकाली गई। चौक, शाहगंज चौराहा, राहुल चौराहा होते हुए मैरिज लॉन पहुंची। यहां एक गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें समाज से जुड़े बच्चों और शिक्षकों आदि को सम्मानित किया गया। वही लंभुआ नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा अमेठी बरनवाल सेवा समिति के अध्यक्ष को भी सम्मानित किया गया। बरनवाल समिति के पदाधिकारी ने बताया कि हम अपने वंशज महाराजा अहिबरन की जयंती मना रहे हैं। हमारा उद्देश्य है अपने महाराजा अहिबरन के पद चिन्हों पर चलकर कुछ अच्छे कार्य करना। लोगों को संगठित करना, साथ ही साथ हमारे बरनवाल परिवार के जो बच्चे पढ़ाई में आगे हैं।

# सीएम का निर्देश आते ही कोटेदारों ने उठाई मांग

**लाभांश बढ़ाए जाने को लेकर परेशान, 1 जनवरी से वितरण कार्य से रहेंगे विरत**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सीएम योगी ने निर्देश दिए, राशन वितरण में यदि कहीं कोटेदार अथवा अन्य किसी कार्मिक द्वारा गड़बड़ी की जाती है तो ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। इसी समय सुल्तानपुर में 'ऑल इंडिया फेयर प्राइस शाप डीलर्स फेडरेशन उत्तर प्रदेश' के बैनर तले कोटेदारों ने मांग उठा दी, हमें जो लाभांश दिया जा रहा है, उससे इस महंगाई में भरण पोषण नहीं हो पा रहा है। लाभांश बढ़ाया नहीं गया तो एक जनवरी से वितरण कार्य से विरत रहेंगे। जिला इकाई के उचित दर विक्रेता ने जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश यादव के नेतृत्व में डीएम के जनता दर्शन में पहुंचे। अपर उपजिलाधिकारी संजीव कुमार यादव को ज्ञापन सौंपा। उचित दर विक्रेताओं की मांग थी कि हमें जो लाभांश दिया जा रहा है, उससे इस महंगाई में भरण पोषण नहीं हो पा रहा है। उचित दर विक्रेताओं का आरोप है कि हम लोगों को 90 रुपए प्रति कुंतल लाभांश दिया जा रहा है। वहीं हरियाणा, गोवा, केरल आदि प्रदेशों में 200 रुपए प्रति कुंतल लाभांश दिया जा रहा है। महाराष्ट्र में 150 रुपए तो राजस्थान में 125 रुपए प्रति कुंतल लाभांश मिल रहा है। जबकि गुजरात में 20 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है। कोरोना काल से ही उचित दर विक्रेताओं द्वारा प्रधानमंत्री अन्न योजना व राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लोगों को निःशुल्क राशन वितरण किया जा रहा है। परिवार की चिंता न करते हुए उचित दर विक्रेताओं द्वारा कठिन समय में राशन वितरण किया है। इसके लिए उन्हें केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा प्रशस्ति पत्र भी मिला है, लेकिन लाभांश की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ज्ञापन के माध्यम से सीएम को लाभांश बढ़ाए जाने की मांग की है। उचित दर विक्रेताओं ने बताया कि अगर उनका लाभांश बढ़ाया नहीं गया तो एक जनवरी से वितरण कार्य से विरत रहेंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# बांदा में अनियंत्रित होकर पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली

- **ट्रैक्टर के नीचे दबने से चालक की मौत, पुलिस ने रेस्क्यू करके बाहर निकाला**

अमन लेखनी समाचार



बांदा, बांदा में देर शाम तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना में चालक ट्रैक्टर के नीचे दब गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। रास्ते से गुजर रहे राहगीरों ने जब देखा तो पुलिस को सूचना दी। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू करके मृतक युवक का शव बाहर निकाला और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूरा मामला अतर्रा कोतवाली इलाके के ओरन रोड बसरेही मोड़ के पास का है, जहां पर युवक लालजी यादव ट्रैक्टर ट्राली लेकर पास के गांव बसरेही से अपने गांव गड़ाव जा रहा था तभी रास्ते पर बसरेही मोड़ के पास अचानक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे नहर में पलट गई। घटना में चालक की ट्रैक्टर में दबने से मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद रेस्क्यू कर युवक के शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि युवक पास के गांव से ही ट्रैक्टर वापस लेकर अपने गांव जा रहा था तभी ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया।

# अम्बेडकरनगर में भारतीय किसान यूनियन का धरना

**डीएम को सौंपा ज्ञापन, संगठन ने किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की**

अमन लेखनी समाचार



अम्बेडकरनगर, अम्बेडकरनगर में भारतीय किसान यूनियन आराजनैतिक ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट के निकट अम्बेडकर प्रतिमा के प्रांगण में धरना दिया। धरने के बाद संगठन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया और उसके निस्तारण की मांग की। भारतीय किसान यूनियन आराजनैतिक के जिलाउपाध्यक्ष अब्दुल सलाम सिद्दीकी ने कहाकि राष्ट्रीय राजमार्ग 233 के निर्माण में जिन किसानों की भूमि गयी है। वह सर्किल रेट बढाने की मांग को लेकर धरना दे रहे है। सरकार उन्हें सर्किल रेट बढ़ा कर मुआवजा दे। वही धान बेचने के लिए किसान 10 से 15 दिन तक तौल केंद्र पर लाइन में खड़े है, उनका तौल जल्दी कराया जाए। बिजली विभाग द्वारा बिजली के नाम पर किसानों की बिजली काटी जा रही है और उनसे अवैध वसूली किया जा रहा है, उसे रोका जाए। जिले के कई इलाकों में पेड़ो का कटान तेजी से हो रहा है। पेड़ो के कटान को रोका जाए। जिलाध्यक्ष ने कहा यूनियन के मांग को अगर जल्द न पूरा किया गया तो किसान यूनियन आंदोलन को बाध्य होगा।

# घने कोहरे में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर टकराए वाहन

- **12 लोग घायल, 4 की हालत गंभीर, क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर आवागमन शुरू कराया गया**

अमन लेखनी समाचार



मिल्कीपुर, सर्दी बढ़ने के साथ घना कोहरा मुसीबत का सबब बनता जा रहा है। जिससे आए दिन हादसे भी हो रहे हैं। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर कोहरे के चलते तीन वाहन एक दूसरे से जाकर टकरा गई। जिसमें 12 लोग घायल हुए हैं। चार लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं मौके पर पहुंची यूपीडा की टीम व एम्बुलेंस ने घायलों को सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज ले आए। जिनमें से 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं हादसे के बाद लगे जाम को पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर आवागमन शुरू कर दिया है। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे माइलेज स्टोन 85-86 के बीच सुबह करीब 7 बजे से घना कोहरा छाया हुआ था। कुछ मीटर का भी साफ दिखाई नहीं दे रहा था। अंबेडकर नगर से लखनऊ की ओर जा रहे टैंकर में पीछे से एक टैंकर जा घुसा। देखते ही देखते कई गाड़ियां एक दूसरे में जा घुसी। कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कुछ लोग गाड़ी से निकल कर अपनी जान बचाई। इस हादसे में दर्जन भर लोग घायल हुए हैं। आजमगढ़ निवासी हफीक 19,अपनी बहन मरियम 13 व चाचा असलम 35 वर्ष के साथ स्कॉर्पियो से लखनऊ एयरपोर्ट अपने पिता को रिसीव करने जा रही थी। जो दुबई से आ रहे हैं। मोहम्मद समीर 68 वर्ष पवन की पत्नी रूकैय्या खातून 58 वर्ष अंबेडकर नगर जहांगीरगंज से लखनऊ जा रहे थे। अजय उपाध्याय 50 अपनी पत्नी नीलम उपाध्याय 45 वर्ष वह अपनी सासू मां लाल मुनी 70 वर्ष को लेकर स्विफ्ट डिजायर कार से लखनऊ जा रहे थे।

# संक्षेप

## सफाई कर्मी की पिटाई विरोध में कार्य बंद कर किया प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां नगर पंचायत में तैनात सफाई कर्मी के पिटाई के बाद दर्जनों की संख्या में सफाई कर्मियों ने नगर पंचायत और तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और उपजिलाधिकारी सहजनवा को ज्ञापन सौंपा।सफाई कर्मियों ने आरोप लगाया की नगर पंचायत सहजनवा वार्ड 3 गहासाड में सफाई कर्मी अखिलेश कुमार सफाई का कार्य कर रहा था। उसी दौरान वार्ड का एक मनबढ आया और जातिसूचक गालियां देने लगा। जब उसने विरोध किया तो वह लात घुसे से मारना पीटना शुरू कर दिया। तथा जान मारने की नियत से पैर से गला दबा दिया। वह किसी तरह जान बचाकर भागा। वही एक सप्ताह पूर्व वार्ड 7 केशोपुर में कार्य दौरान सफाई कर्मी सनी सिंह को मारा पीटा गया था। सफाई कर्मियों ने चेतावनी दी है की जब तक आरोपियों पर कारवाई नही हो जाती अपने कार्य से विरत रहेंगे।प्रदर्शन करने वालो में सोनू,चंदन, परदेशी,प्रकाश, पप्पू,अमजद, अशोक,सफदर ,रसीद,इमरनसुनीता, सीमा,बिजुला, सिंघा,नरेश,राजेश, इंद्रजीत,राहुल, रिंकू,प्रमोद,बालगोविंद,धर्मेंद्र,सिकंदर, जोगिंदर,तारा सहित अनेक सफाई कर्मी मौजूद थे।

## ट्रक पर पलटा 15 टन का पिलर, चालक की मौत

मेरठ, मेरठ में देर रात 15 टन का वजनी पिलर गिरने से ट्रक चालक की मौत हो गई। वह कांटे पर रैपिड रेल कॉरिडोर के पिलर के वजन कराने के लिए गया था।वजन कराने के बाद ट्रक मोड़ते समय अचानक पिलर खिसक गया और ट्रक के केबिन पर पलट गया। इस दौरान केबिन में दबने से चालक की मौत हो गई।सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने परिजनों को हादसे की जानकारी दी। शताब्दी नगर के रहने वाले मोहित के परिजनों ने बताया, मोहित रैपिड रेल कॉरिडोर की साइट पर मजदूरी करता था। मंगलवार देर रात को ट्रक में लोहे के पिलर लेकर जा रहा था।उसने दिल्ली रोड पर जेसीएल कंपनी से 15-15 टन वजन वाले लोहे के 3 पिलर ट्रक में लोड किए।ये पिलर रैपिड रेल की साइट पर जाने थे।पिलर डिलीवरी से पहले मोहित इनका वजन कराने दिल्ली रोड पर ही कन्हैया कांटे पर पहुंचा।वजन कराने के बाद वो ट्रक मोड़ रहा था तभी अचानक एक पिलर ऊपर से खिसककर केबिन पर आ गिरा। 15 टन वजनी पिलर गिरने से केबिन दब गया और चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

## मेरठ में कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर

मेरठ, मेरठ के लोहियानगर थाना क्षेत्र स्थित हापुड रोड पर मंगलवार देर रात हापुड की और रॉन्ग साइड जा रही एक बिना नबर की तेज रफ्तार क्रेटा कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि टक्कर लगने से एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है।

# अतिथियों को मिलेगा गीताप्रेस के 'अयोध्या दर्शन' का प्रसाद

## श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा में गीताप्रेस से भेजे जाएंगे पुस्तक-गुच्छ

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित होने वाले प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री व संघ प्रमुख समेत अन्य विशिष्टअतिथियों को गीताप्रेस के 'अयोध्या दर्शन' का प्रसाद मिलेगा। लागत से भी कम मूल्य में धार्मिक पुस्तकें उपलब्ध कराने वाले गीताप्रेस ने इस पुस्तक माध्यम से श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या का समग्र दर्शन कराने की पहल की है।इस पुस्तक में अयोध्या के इतिहास, प्रमुख मंदिरों, तीर्थों व सांस्कृतिक महात्म्य का परिचय है। अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं।प्राण प्रतिष्ठा के प्रसाद में गीताप्रेस भी योगदान देने जा रहा है।प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की तरफ से जो प्रसाद दिया जाएगा उसमें गीता प्रेस की तरफ से तैयार किए जा रहे पुस्तक-गुच्छ को भी शामिल किया जाएगा।।इस पुस्तक गुच्छ में अयोध्या दर्शन, अयोध्या महात्म्य, कल्याण पत्रिका का श्रीरामांक व गीताप्रेस की डायरी गीता दैनंदिनी होगी। गीता प्रेस में अयोध्या आने वाले खास मेहमानों के लिए 100 पुस्तक गुच्छ तैयार किए जा रहे हैं जबकि अयोध्या दर्शन की दस हजार प्रतियां भेजी जाएंगी। इसके अलावा खास समारोह के लिए श्रीरामांक की तीन हजार प्रतियां प्रकाशित की जा रही हैं। यह 1972 में छपे कल्याण के विशेषांक का परिवर्धित संस्करण होगा। इसमें उस साल के फरवरी व मार्च के साधारण अंकों में छपे सभी लेख व सूर्य वंशावली भी शामिल की जाएगी, जो पुराने विशेषांक में नहीं थी। इस बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए गीताप्रेस को भी आमंत्रण पत्र प्राप्त हुआ है। ट्रस्टी देवीदयाल अग्रवाल के नाम से पत्र आया है। वह वहां समारोह में उपस्थित रहेंगे और अपनी आंखों से रामलला के विग्रह का उद्घाटन देखेंगे। गीताप्रेस के ट्रस्टी देवी दयाल अग्रवाल कहते हैं कि वर्षो के इंतजार के बाद अब वह दिन आया है जिसकी कई सालों से सनातनियों को प्रतीक्षा थी। श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर गीताप्रेस अयोध्या दर्शन व अन्य कई पुस्तको को वहां उपलब्ध कराएगा। वितरण के लिए अयोध्या दर्शन पुस्तक की दस हजार प्रतियां भेजी जाएंगी। वहीं, गीताप्रेस के प्रबंधक डॉ. लालमणि तिवारी का कहना है कि अयोध्या दर्शन व श्रीरामांक के अलावा गीताप्रेस के अन्य पुस्तकें पर्याप्त संख्या में हैं। विशिष्ट अतिथियों के लिए पुस्तकें अलग कर दी गई हैं। श्रीरामांक की छपाई चल रही है। छपने के बाद पुस्तक गुच्छ तैयार कर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भेज दिया जाएगा।

# स्वतंत्रा संग्राम सेनानियों के आश्रितों ने पेंशन की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। सहजनवां तहसील में स्वतंत्रा संग्राम सेनानियों के आश्रितों ने शुक्रवार अल हिंद पार्टी के बैनर तले तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। और राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी सहजनवा कुंवर सचिन सिंह को सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अल हिंद पार्टी के मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने कहा की 1857 के स्वतंत्रा संग्राम सेनानियों के आश्रित को पेंशन दिया जाय।1857 में अग्रेजो ने जिन गांव को जलाया,लूटा,उजाड़ा उसे शहीद गांव घोषित किया जाय।प्रत्येक आश्रित के परिजन को केंद्र व राज्य सरकार 10 करोड़ मुआवजा दे।1857 के स्वतंत्रा सेनानियों की लूटी और छीनी भूमि वापस किया जाय। शहीद स्मारक बनाया जाय।हाईकोर्ट के सेवानिवृत्ति मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षा में आयोग का गठन किया जाय। बलिदानीयो के नाम विश्वविद्यालय,संस्थान बनाया जाय। महान बलिदानीयो पर शोध कराया जाय। स्वतंत्रा संग्राम सेनानियों का इतिहास सभी किताबो में पढ़ाया जाए। आश्रित परिजन का नाम रजिस्टर खोलकर अंकित किया जाय,काला पानी की सजा पाए स्वतंत्रा सेनानियों को भारत रत्न दिया जाय,एक आश्रित के परिजन को नौकरी दिया जाय।प्रदर्शन करने वालो में श्रीराम, पुनम, विद्यार्थी, सरिता,रामशरण,मोनू,इंद्रावती,कला वती, सीमा, फुलादेवी, मुन्नी, बसंती,सती देवी, गुड्डी, पालकी, अनारकली, निर्मलानासपाती,कुमारी सहित अनेक आश्रित मौजूद थे।

# सरयू नहर टूटी किसानों की कमर टूटी



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत भगवानपुर के शिवान में सरयू कैनाल में कट हो जाने से कुछ दूरी पर गेंहू की फसल डुब गयी है ।अभी हाल में ही दो दिन पहले ही नहर चालू कराया गया है लेकिन नहर से बीसों बिगहा खेत में पानी फैल गयी है और गेंहू की फसल डुबा है जबकि कुछ दिन पहले ही गेहूं के फसल की सिंचाई अन्य साधनों से कराया जा चुका था लेकिन नहर चालू कराया गया है। आगे कट हो जाने से पानी आगे नही बढ़ पा रहा है।नहर विभाग के जिम्मेदार रखरखाव में कमी के कारण कहीं न कहीं कट हो जा रहा है जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फेर रहा है। जिससे आजिज होकर किसान रामशरण तिवारी गुड्डु सिंह लालसा प्रसाद शत्रुधन तिवारी रमेश तिवारी रमेश मौर्या कुमुद तिवारी आदि परेशान हो रहे है।

# राजस्व अभिलेखागार में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

## कर्मचारियों के सूझबूझ से आग पर पाया गया काबू

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।राजस्व अभिलेखागार क्लेक्टेड गोरखपुर में शॉर्ट सर्किट से लगा आग मचा अपरा तफरी समय रहते कर्मचारियों ने आग पर पाया काबू आग की सूचना प्राप्त होते ही एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम गुप्ता ने राजस्व अभिलेखागार ( रिकॉर्ड रूम ) का किया निरीक्षण कर रिकॉर्ड रूम में लगाए गए तारों को दुरुस्त करने का विद्युत कर्मचारियों को निर्देशित किया।आज 11 बजे के आसपास कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित राजस्व अभिलेखागार (रिकॉर्ड रूम) में ट्यूबलाइट के पास विद्युत तार जलने लगा समय रहते कर्मचारियों की नजर जलते हुए तार पर पड़ गया कर्मचारियों ने आनन फानन में मेन स्विच से विद्युत सप्लाई बंद कर दी बाल्टी में रखे बालू को जलते हुए तार पर फेंक कर आग बुझाने का कार्य किया अगर समय रहते कर्मचारियों ने जलते हुए तार को नहीं देखा होता तो आज राजस्व अभिलेखागार में रखे सैकड़ो वर्ष पुराने रिकॉर्ड को जलने में देर नहीं लगता रिकॉर्ड रूम में रखें राजस्व कुंडली तहश नहश हो जाता और मूल कास्तकार बेवजह परेशान होते जमीनों का अवैध रूप से धंधा करने वाले धंधे बाजों का चांदी हो जाता जो दलाल अपना कार्य करने में जुट जाते गनीमत रहा की तत्काल आग पर काबू पा लिया गया किसी प्रकार का रिकॉर्ड रूम में छती नहीं होने पाया अधिकारियों कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

# भगवान श्रीराम के जलाभिषेक का किया गया स्वागत

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।सहजनवा थाना चौराहे पर भगवान श्रीराम के जलाभिषेक के लिए नेपाल राष्ट्र के पवित्र नदियों के लाए जा रहे जल का स्वागत किया।शुक्रवार को जैसे ही जलाभिषेक के लिए जा रहे वाहन के आने की जानकारी भक्तो को हुई वह स्वागत करने के लिए थाने चौराहे पर पहुंच गए। और उसका पूजन और स्वागत किया। और दर्शन कर प्रसाद भी ग्रहण किया। जलाभिषेक का वाहन जल लेकर जनकपुर से वीरगंज होते हुए अयोध्या धाम पहुंचेगा।जहा स्वागत,दर्शन, और भक्त प्रसाद भी ग्रहण करेंगे।इस अवसर पर प्रदीप ससोदिया, डा के सी पांडेय, जय प्रकाश ओझा,हनुमान चौरसिया,महेश माझी, सहित अनेक भक्तो ने प्रसाद ग्रहण और दर्शन किया।

# तीव्र गति से हो रहा देश व प्रदेश का विकास - राजेश त्रिपाठी

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।केंद्र व प्रदेश सरकार की लाभपरक योजनाओं के दम पर देश व प्रदेश का विकास तीव्र गति से हो रहा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में देश को किसान सम्मान निधि प्रधानमंत्री आवास योजना उज्वला व उजाला योजना समेत विभिन्न योजनाएं संचालित करके लोगों को सुदृढ़ करने का कार्य किया जा रहा है, उक्त बातें चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने उपनगर गोला के गोपालपुर में साधन सहकारी समिति के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को देखते हुए आमजन का फीडबैक लिया जा रहा है इसको देखते हुए सरकार ने नमो ऐप लांच किया गया है जिसमें सरकार के कार्यों का फीडबैक लिया जा रहा है।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामनारायण दुबे व संचालन गोपालपुर मंडल अध्यक्ष संतोष तिवारी ने किया।इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव पांडेय, युवा नेता आलोक तिवारी, उमेश मिश्रा, मनोज तिवारी, अनूप दुबे,संजय पांडेय, शुभम तिवारी, बजरंगी कश्यप, नरेंद्र सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।




# आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार



अमेठी। मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में चल रहे आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम में शुक्रवार को प्रतिभाग करने वाली आशा संगिनी हेल्थ वर्कर पंचायत सहायक एवं प्रधानों को जनपद में घठित होने वाली प्रमुख घटनाओ के बारे में अवगत कराया गया। इसमें प्रतिभागियों को वीडियो एवं संवाद के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई साथ ही साथ समस्त प्रभागियों के मोबाइल में दामिनी एप जो कि आकाशीय बिजली चेतावनी यंत्र को डाउनलोड कराया गया। आज के सत्र में प्रतिभागियों को आकाशीय बिजली, भूकंप, लू आदि के बारे में जानकारी दी गई।प्रशिक्षण सत्र की समाप्ति का कल अंतिम दिवस है। आज के सत्र में आपदा विशेषज्ञ प्रदीप कुमार के अलावा मास्टर ट्रेनर जनार्दन बाबू मिश्र द्वारा जानकारी प्रदान की गई

# पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में की गयी जनसुनवाई



अमन लेखनी समाचार

गौरीगंज, अमेठी पुलिस कार्यालय गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा जनसुनवाई की गयी ।इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुना गया तथा उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए ।

# आर एस एस द्वारा निकाली गई पूजित अक्षत कलश यात्रा

अमन लेखनी समाचार

शुकुल बाजार, अमेठी। जनपद के विकासखंड शुकुल बाजार में प्राचीन हनुमान मंदिर से श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा हेतु आर एस एस द्वारा पूजित अक्षत कलश भव्य शोभा यात्रा निकाली गई,जिसको लेकर क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों में भक्ति भावना को जागृत किया गया,जिसमें शुकुल बाजार क्षेत्र से हजारों हिंदुओं ने जय श्री राम का नारा लगाते हुए भव्य यात्रा में शामिल हुए, श्री रामचंद्र जी के नाम के जयकारे से क्षेत्र गूंज उठा,बताते चले श्री राम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा हेतु पूजित अक्षत कलश को ग्रामें ग्रामें ग्रहे ग्रहे तक पहुंचाया जा रहा है, वहीं संपूर्ण भारत में उत्सुकता के साथ लोगों में श्री रामचंद्र जी की अयोध्या में आगमन को लेकर खुशी की लहर देखने को मिल रही है, इस भव्य शोभा यात्रा में आरएसएस के जिला प्रचारक जिला कार्यवाह खंड कार्यवाह विश्व हिंदू परिषद विधानसभा जगदीशपुर विधायक सुरेश पासी भाजपा जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला शंकर बक्स अभिषेक शुक्ला विधायक सहित तमाम हिंदू सम्राटों ने श्री राम चंद्र जी की जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा हेतु पूजित अक्षत कलश यात्रा में शामिल हुए।




# बुलंदशहर में यातायात नियमों की दी जानकारी

- उद्योग व्यापार मंडल ने जागरूक कर बांटे हेलमेट, एसपी सिटी ने किया उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, यातायात के नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक करने के कार्यक्रम होते आ रहे हैं।ऐसे में उद्योग व्यापार मंडल ने भी सड़क सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत लोगों को हेलमेट पहनने व सीट बेल्ट लगाने के लिए जागरुकता अभियान चलाया गया।इस जागरूकता कैंप में लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।वह निशुल्क हेलमेट वितरण का कार्य भी किया गया।कैंप का उद्घाटन एसपी सिटी शंकर प्रसाद द्वारा किया गया।उद्योग व्यापार मंडल के चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल ने उनको बुके देकर उनका स्वागत किया। कैंप में सीओ यातायात रामकरण व प्रभारी निरीक्षक प्रेमचंद शर्मा उप निरीक्षक ओमपाल व अन्य यातायात पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। एसपी सिटी ने स्वयं लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया। वे जिन दुपहिया वाहन चालकों ने हेलमेट नहीं लगाए हुए थे। उनको उद्योग व्यापार मंडल की तरफ से निशुल्क हेलमेट का वितरण किया। सीओ यातायात रामकरण ने कहा कि उद्योग व्यापार मंडल द्वारा यह सुंदर कार्यक्रम आयोजित किया गया और आगे भी व्यापार मंडलों को इसी तरीके के कार्यक्रम और आयोजित करने चाहिए जिससे जनता यातायात नियमों के प्रति जागरूक रहे। उन्होंने मुख्य रूप से ट्रैक्टर ट्रॉली के पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगाने पर जोर दिया।तो उन्होंने स्वयं भी कई ट्रैक्टर ट्रालियों को रोककर रिफ्लेक्टर टेप लगाए। कार्यक्रम संयोजक अजय अग्रवाल ने सभी पुलिस अधिकारियों का धन्यवाद किया व यह भी कहा उद्योग व्यापार मंडल की तरफ से इस तरीके के कार्यक्रम आगे भी चलते रहेंगे।कार्यक्रम में उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल महामंत्री राजीव गुप्ता कार्यक्रम संयोजक अजय अग्रवाल अभय कंसल पीतांबर शर्मा जिला अध्यक्ष विशाल अरोड़ा हितेश बंसल डीके अग्रवाल आशीष गर्ग दुष्यंत मांगलिक अमित सिंगल करणवीर सिंह सिरोही नगर अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल उमेश चंद्र आदि अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एंटीरोमियो अभियान के तहत जनपद के विभिन्न थानों द्वारा चलाया गया चेकिंग अभियान



अमन लेखनी समाचार

गौरीगंज। पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में जनपद के विभिन्न थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचलो, शोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए अभियान चलाया गया तथा संदिग्धों की चेकिंग की गयी ।

# जालौन में बोरों से भरे कंटेनर में लगी आग

- ड्राइवर और खलासी ने कूदकर बचाई जान, 20 लाख का सामान जलकर खाक

अमन लेखनी समाचार



जालौन, जालौन में मंगलवार देर रात एट टोल प्लाजा के पास शॉर्ट सर्किट के कारण बोरों से भरे कंटेनर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, जिसे देखकर चालक और खलासी ने कूद कर जान बचाई। इस घटना में कंटेनर में रखे लाखों रुपए के बोरे जलकर खाक हो गये।सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया, वहीं इस घटना के बाद हाईवे पर जाम लग गया। कड़ी मशक्कत करने के बाद कंटेनर को हटाकर आवागमन शुरू कराया जा सका। घटना मंगलवार रात झांसी कानपुर नेशनल हाईवे स्थित एट टोल प्लाजा की है। जहां एक कंटेनर कोलकाता से गुजरात जूट के बोरों के बंडल लादकर जा रहा था।जब कंटेनर झांसी कानपुर नेशनल हाईवे 27 स्थित एट कोतवाली क्षेत्र के टोल प्लाजा के पास से निकल रहा था, मगर रात के समय घना कोहरा होने के कारण उसके चालक ने टोल प्लाजा के पास कंटेनर को खड़ा कर दिया।इस दौरान सर्दी को देख चालक और हेल्पर ने कंटेनर में हीटर जलाया जिससे उन्हें ठंड से राहत मिल सके। इसी दौरान दोनों लोग सो गए, तभी शार्ट सर्किट की वजह से कंटेनर में धीरे धीरे आग लग गई, और थोड़ी ही देर में आग की लपटे तेज हो गई, तब चालक और हेल्पर की नींद टूटी, जहां आग की लपटे देख उन्होंने कंटेनर से कूदकर अपनी जान बचाई और दमकल को सूचना दी।मगर देखते ही कंटेनर में आग बढ़ गई और उसमें रखे जूट के बोरों ने आग पकड़ ली, जिसे वह धू धू कर जल उठे।इस घटना के बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय पुलिस की मदद से आग पर काबू पाया, पर तब तक कंटेनर की केबिन व उसमें रखे बोरा के बंडल जलकर नष्ट हो गए। जिनकी कीमत करीब 20 लाख रुपए बताई जा रही

## पानी भरने के विवाद में दो पक्ष भिड़े

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। कस्बे के वार्ड संख्या 15 में सार्वजनिक हैंडपंप में पानी भरने के विवाद में दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों के मध्य जमकर मारपीट हुई। दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। वार्ड संख्या 15 में लगे सार्वजनिक हैंडपंप में एक युवती पानी भर रही थी। इसका विकास एवं राहुल ने विरोध किया। इस पर गोलू गुप्ता, बाले गुप्ता व विनोद गुप्ता ने एतराज जताया। इसी बात को लेकर दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और एक दूसरे को जमकर मारा पीटा। विनीत की तहरीर पर पुलिस ने विकास एवं राहुल तथा उर्मिला देवी की तहरीर पर पुलिस ने गोलू, बाले व विनोद के खिलाफ गाली गलौज कर मारपीट का मुकदमा दर्ज कर दोनों पक्षों का शांतिभंग में चालान किया है।

## अवैध देशी बंदूक व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज 1 अदद अवैध 12 बोर देशी बन्दूक व 2 अदद 12 बोर जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया। कुरारा थाने के उपनिरीक्षक सचिन कुमार शर्मा ने बताया कि अमरनाथ पुत्र रामसनेही निवासी वार्ड नं 1 नाला पार कस्बा कुरारा के कब्जे से 1 अदद अवैध नाजायज 12 बोर देशी बन्दूक व 2 अदद 12 बोर जिन्दा कारतूस बरामद किये गये हैं। जिसके आधार पर धारा 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सचिन कुमार शर्मा के साथ कांस्टेबल ओमकरन यादव, सौरभ सिंह व कौशल झा शामिल रहे।

## घर मे घुसकर लूटपाट करने की शिकायत पुलिस अधीक्षक से

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। जिले की राठ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की महिला ने घर में घुसकर दबंगों द्वारा लूटपाट करने व शिकायत करने पर पुलिस द्वारा कार्यवाही न किये जाने पर फरियाद लेकर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। राठ कोतवाली के ग्राम रिहुँटा हालमुकाम धन कामदगिरि धर्मशाला के पास की निवासी प्रगति पुत्री रूपसिंह ने बताया कि जब वह कमरे में अपने मामा की लड़की नेहा के साथ खाना बना रही थी। तभी राजू पुत्र बालकिशन नगायच, संध्या पत्नी राजू निवासी मुहाल पठनऊ राठ, सोनू उर्फ रामप्रकाश पुत्र बृजमोहन व संदीप पुत्र बृजमोहन तथा दीपा पत्नी सोनू उर्फ रामप्रकाश व 4-5 लोग अज्ञात व्यक्तियों ने मकान में घुसकर ऊपर कमरे में लगे ताला को तोड़कर अटैची में रखे 15 हजार नगद व सोने की बाली व सिलाई मशीन लूटकर ले गये तथा कमरे मे रखा सामान तोड़फोड़ डाला। शोर सुनकर मुहाल के तमाम लोग आने लगे तो संदीप, सोनू उर्फ रामप्रकाश नगायच जो तमंचा लिये थे लहराते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। थाने में रिपोर्ट करने पर धमकाकर थाने से भगा दिया गया। पीडिता ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

## जबरिया पेड़ काटने का लगाया आरोप

भरुआ सुमेरपुर। बिरखेरा गांव के एक किसान ने गांव के दो लोगों पर खेत में लगे पेड़ जबरिया काटने का आरोप लगाकर पुलिस मे शिकायत की है। बिरखेरा निवासी जयनरायन ने बताया कि उसके पास तीन बीघे कृषि योग्य भूमि है। जिस पर उसने नीम, बबूल के पेड़ लगा रखे हैं। गुरुवार को गांव निवासी छोटे तिवारी व झल्लू दोपहर में पहुंचे और खेत में खड़े पेड़ काटने लगे। जब उसकी वृद्ध मां ने मना किया तो उसके साथ अभद्रता की और उसके पहुंचने के पूर्व दोनों मौके से भाग निकले। पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

## नाव दुर्घटना की रोकथाम हेतु नाव सुरक्षा एवं नाविक कल्याण नीति का अनुपालन एवं केंद्रीय राज्यमंत्री द्वारा निःशुल्क सुरक्षा किट का किया वितरण

अमन लेखनी सामाचार



मीरजापुर - जनपद में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के मार्गदर्शन में नाव नाविक कल्याण नीति के अनुपालन हेतु जिला स्तरीय एसवओवपीव का निर्माण करते हुए नाव संचालन से संबंधित घाटों के नगर निकाय स्तरीय नाव सुरक्षा एवं नाविक कल्याण समिति व ग्राम पंचायत स्तरीय नाव सुरक्षा एवं नाविक कल्याण समिति का गठन किया गया, जिसके अंतर्गत नगर निकाय स्तरीय समिति के सदस्य अधिशासी अधिकारी एवं क्षेत्रीय पार्षद/सभासद होते हैं एवं ग्राम पंचायत स्तरीय समिति के सदस्य होते हैं ग्राम प्रधान एवं क्षेत्रीय लेखपाल स उपरोक्त समिति द्वारा जिला स्तरीय नाविक कल्याण समिति एवं तहसील स्तरीय नाविक कल्याण समिति के मार्गदर्शन में जनपद में नाव संचालन से संबंधित समस्त घाटों का निरीक्षण करते हुए घाट पर संचालित समस्त नाव एवं नाविक का नियमानुसार परीक्षण उपरांत सत्यापन एवं पंजीकरण किया गया वर्तमान में समस्त सत्यापित नावों से संबंधित नाविकों को नाविक सुरक्षा किट का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। नाविक सुरक्षा किट का वितरण मा0 केन्द्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार श्रीमती अनुप्रिया पटेल, के द्वारा तहसील चुनार में कल 30 नविको को दिनांक 25 दिसम्बर 2023 को नाविक सुरक्षा किट का उपजिलाधिकारी चुनार एवं तहसीलदार चुनार की टीम के सहायता से वितरण किया गया एवं मा0 केंद्रीय राज्यमंत्री द्वारा तहसील सदर में दिनांक 29 दिसंबर 2023 को 70 नाविकों एवं 7 गोताखोरों को सुरक्षा कीट का उपजिलाधिकारी सदर एवं तहसीलदार सदर की राजस्व टीम की सहायता से वितरण किया गया। प्रत्येक नाविक सुरक्षा किट में दो लाइफ जैकेट, एक लाइफ बाय रिंग, एक टार्च, एक पतवार, एक बांस (18 फीट लंबा), 10 किलो रस्सी (10-20 एम0एम0) एवं एक प्राथमिक चिकित्सा किट उपलब्ध है। प्रत्येक गोताखोर किट में दो लाइफ जैकेट, एक लाइफ बाय रिंग, एक टार्च, 10 किलो रस्सी (10-20 एम0एम0) एवं एक प्राथमिक चिकित्सा किट उपलब्ध है, अवशेष नाविकों को नाविक सुरक्षा किट शीघ्र ही फेज-2 के दौरान वितरण किया जायेगा अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)- प्रभारी अधिकारी (आपदा प्रबंधन) शिव प्रताप शुक्ल द्वारा यह बताया गया कि नाव एवं नाविक का सत्यापन एवं पंजीकरण संबंधित समिति द्वारा नाव-नाविक कल्याण नीति में वर्णित नियमों के अनुसार एवँ जिला स्तरीय नाव दुर्घटना की रोकथाम हेतु बनाई गई मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार किया गया है, संबंधित नाविक कल्याण समिति द्वारा नाव एवं नाविकों का परीक्षण, सत्यापन एवं पंजीकरण उपरांत यह ज्ञात हुआ की जनपद मीरजापुर में कुल 32 घाट हैं जिन पर कुल 327 नावें संचालित होती हैं।

## रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा दुष्कर्म में वांछित चल रहे अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

सोनभद्र। वादिनी उम्र लगभग 26 वर्ष निवासी थाना बीजपुर जनपद सोनभद्र द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज पर लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया कि वादिनी को दवा-इलाज कराने के बहाने विकास कुमार पुत्र बिहारीलाल निवासी महरीकला थाना बीजपुर जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 22 वर्ष द्वारा राबर्टसगंज ले जाकर जबरदस्ती दुष्कर्म कारित किया गया। जिसके आधार पर थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0-772/2022 धारा 376 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियोग उपरोक्त में वांछित अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) तथा क्षेत्राधिकारी नगर को विशेष निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के क्रम में आज दिनांक 29.12.2023 को थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त वांछित अभियुक्त विकास कुमार पुत्र बिहारीलाल निवासी महरीकला थाना बीजपुर जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 22 वर्ष को पुलिस लाईन चुर्क गेट के पास से पकड़ लिया गया।

## संसार में भगवान श्रीरामजानकी की जोड़ी बनाती है संस्कारबान महंत धनंजय दास

अमन लेखनी सामाचार



ललितपुर। ललितपुर के विकास खण्ड बार के ग्राम ठाठखेरा हनुमान मंदिर में आतोजित साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम कथा का भक्तों को रस पान कराया जा रहा है वाचक आचार्य श्री धन्जय दास जी महाराज द्वारा कथा के पांच वे दिन की कथा राम वन गमन की कथा सुनाई बताया गया की अगर संसार में नेक इन्सान बनना है तो भगवान श्री राम के जैसे मर्यादित और संस्कार बान होना बहुत जरूरी है जिस प्रकार माता कैकई के द्वारा राजा दशरथ से मांगे गए दो वरदान में भरत को राज एवम प्रभु श्री राम को 14वर्ष का वनवास पर श्रष्टि के कल्याण हेतु भगवान ने माता जानकी भ्राता लक्ष्मण के वन को चले गए जहां उन्होंने कई सुर असुरों को तारा ठीक इसी इंसान में इंसान को की मर्यादित और संस्कार से सम्मान करना चाहिए वह हमारे आराध्य भगवान मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम और माता जानकी से सीखना चाहिए यही सनातन का ग्रंथ है इंसान को उसकी जीवन में पृष्ठ भूमि को संजोता है यही हमें सनातन के प्रती प्रेरित और संस्कार बान बनाता है चित्रकूट धाम से पधारे निमोर्ही अखाड़ा के महंत श्री धनंजय दास जी महाराज के मुखारविंद से राम कथा में श्री राम द्वारा माता अहिल्या का उद्धार करने के साथ-साथ स्वयंवर में राम सीता विवाह की कथा को संगीतमय तरीके से सुनाया गया जिसे सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में राज्यसभा सांसद ने वितरित किए प्रमाण पत्र



अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। सुमेरपुर क्षेत्र के सौंखर एवं दरियापुर गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में पधारे राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। दोनों ग्राम सभाओं में केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में उपस्थित लोगो को जानकारी दी गयी। एलईडी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति जी का संबोधन भी दिखाया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत करने के बाद पीएम आवास, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गये। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, सुधेस द्विवेदी, संतोष गुप्ता, अशोक तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद, रोहित शिवहरे, अरविंद श्रीवास्तव, कन्हैया शर्मा, रामचन्द्र शर्मा, राजेश शिवहरे, सतीश द्विवेदी, मुकेश, मनोज पालीवाल, सुनील द्विवेदी, ग्राम प्रधान, सचिव, एएनएम, आशा, आगनवाड़ी, अध्यापकों सहित लाभार्थी उपस्थित रहे।

## पूर्व की सरकारों ने मछुआ आरक्षण के मामले पर समाज को गुमराह करने का किया काम - डॉ संजय निषाद

### उत्तर प्रदेश में केवट, मल्लाह, बिंद समेत 17 जातियां मछुआ समाज की है उपजातियां

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र - विधान सभा ओबरा के ग्राम पंचायत करगरा में निषाद पार्टी द्वारा आयोजित संवैधानिक मछुआ एससी आरक्षण जनसंपर्क अभियान सभा में पहुंचे निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मत्स्य विभाग के कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद का पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं जोरदार तरीके से स्वागत किया इस दौरान उन्होंने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 13 जनवरी को लखनऊ के रमाबाई अंबेडकर रैली मैदान में पहुंच कर अपनी मांगों को जोरदार तरीके से उठाएं। उन्होंने कहा कि पूर्व की समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की सरकारों ने मछुआ आरक्षण के मामले पर समाज को गुमराह करने का काम किया है। तथा उत्तर प्रदेश में जब बहुजन समाज पार्टी की सरकार आती है तो मछुआ समाज की सभी उपजातियों को एससी से निकालकर पिछड़ी में डाल दिया जाता है। इसी तरह जब समाजवादी पार्टी की सरकार आती है तो पिछड़ी से निकालकर अनुसूचित में डाल दिया जाता है। डॉ निषाद ने कहा कि आजादी से पूर्व 1931 से 1941 तक और आजादी के बाद भी साल 1951 से 1991 तक उत्तर प्रदेश में मछुआ समाज की सभी उपजातियों की गिनती मझवार और तुरैहा में कराई जाती रही है, लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों ने मछुआ समाज के दोहन के लिए बिना संसद में संशोधन के मछुआ समाज की सभी उपजातियों को अनुसूचित से निकलकर पिछड़े में डाल दिया। सभी राजनीतिक पार्टियां इस मुद्दे पर सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करती रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और मुख्यमंत्री ने रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया (आरजीआई) को मछुआ आरक्षण के संबंध में पत्र लिखकर जानकारी मांगी गई थी। आरजीआई ने पत्र के उत्तर में कहा है कि उत्तर प्रदेश में केवट, मल्लाह, बिंद समेत 17 जातियां मछुआ समाज की उपजातियां है। मछुआ समाज को कभी मत्स्य विभाग की योजनाओं का लाभ मिला ही नहीं। पूर्व की सरकारों नें मछुआ समाज को योजनाओ से वंचित रखा है। वर्तमान समय में प्रदेश में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, किसान क्रेडिट काड(मत्स्य पालन क्षेत्र में), निषाद राज बोट योजना, मछुआ कल्याण कोष, प्रधानमंत्री मछुआ बीमा योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। जिनका सीधा लाभ मछुआ समाज को मिल रहा है। इस मौके पर अमेरिकन बिंद, प्रदेश महासचिव दयाशंकर साहनी, प्रदेश सचिव संतोष साहनी, नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली, जिलाध्यक्ष अनिकेत निषाद, शिवमंगल धोबी, राजनारायण निषाद, संगठन जिलाध्यक्ष डॉ विजय साहनी, सुरेंद्र निषाद, नागेंद्र साहनी, फूलचंद चौधरी, पिंटू निषाद, विनोद चौधरी, राधारमन पांडेय, जितेंद्र निषाद इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ




अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर। कुछेछा स्थित महर्षि विद्या मंदिर में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती व गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक का स्वागत स्कूल के प्राचार्य पंकज कुमार श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। स्कूल के बच्चों के द्वारा डांस, नाटक, देश भक्ति गीत, कला आदि विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने कार्यक्रम के माध्यम से समाज को संदेश प्रस्तुत किया। इसी क्रम में ईशान द्विवेदी, ब्रजेंद्र, क्रिश, कृष्णा, वेदांत, सिद्धार्थ, आरव, सार्थक, सावन, कार्तिकेय आदि बच्चों के द्वारा बम भोले भक्ति गाने पर ग्रुप डांस की प्रस्तुति की गई। डांस की कोरियोग्राफी जीत अनुरागी व कुलदीप सिंह ने की। स्कूल के बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई कार्यक्रम की समाप्ति पर प्राचार्य पंकज कुमार श्रीवास्तव के द्वारा आए हुए अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर शिववती, आकाश, संजय पांडेय, नवीन दीक्षित, पुरुषोत्तम शुक्ला, राहुल सहित स्कूल का समस्त स्टाफ तथा डा उपासना, मनीष कुमार, गौतम सिंह, रोहित तिवारी सहित सैकड़ों अभिभावक व स्कूल के समस्त बच्चे उपस्थित रहे। संचालन स्कूल के बच्चों के द्वारा किया गया।

## सोनांचल सेवा मंच की 9 वे स्थापना दिवस के अवसर पर खिलाड़ियों को सम्मानित करते - योग गुरु आचार्य अजय कुमार

अमन लेखनी समाचार




उत्तर प्रदेश सोनभद्र की सबसे बड़े सामाजिक संस्था सोनांचल सेवा मंच की नवे स्थापना दिवस पर जिला, राज्य, राष्ट्रीय एवम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिन भी खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा के माध्यम से जनपद का नाम रोशन किया उनको सभी प्रतिभावान खिलाड़ियों को इस बार हो रहे स्थापना दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। मंच के सरंक्षक अशोक एवम मनोनीत अध्यक्ष सुशील और उषा शर्मा ने सभी खिलाड़ियों के सम्मान में प्रसास्ति पत्र दिया। सभी प्रतिभावान खिलाड़ियों को सोनांचल सेवा मंच के संस्थापक सदस्य योग गुरु आचार्य अजय कुमार पाठक के माध्यम से सभी सम्मानित खिलाड़ियों अदिति पाण्डेय ताईकाण्डो, अनिमेष को हैंडबॉल, शानअली को बेस्ट ट्रेनर एवम मिस्टर बिहार, रितेश को बेंचप्रेश को संयुक्त रूप से सम्मानित किया। मंच के माध्यम से लगातार विभिन्न क्षेत्रो में कार्य किया जाता है जो इस प्रकार है मेडिकल कैम्प, निःशुल्क जल की व्यवस्था, गरीबो को कम्बल, कुछ गरीब छात्रों को निःशुल्क शिक्षा, योग दिवस का आयोजन एवम तमाम सेवाएं मंच के माध्यम से नियमित रूप से किया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से त्रिरतनेश शुक्लेश, विपिन सिंह, पवन यादव, विकाश अग्रहरि, बहादुर, अनिल सिंह, भानु प्रताब, आकाश, अविनाश, फैजल खां, शान अली, अभय वर्मा इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## शीत लहर से राहत देने के लिए उपजिलाधिकारी ने अलाव जलाने के दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

बिंदकी, फतेहपुर। फतेहपुर जनपद की बिंदकी तहसील के उप जिलाधिकारी अनिल यादव ने चल रही शीत लहर से कडकडाती सर्दी के चलते शासन की मंशा के अनुरूप बिन्दकी नगर के सभी चौराहो सहित तहसील क्षेत्र के सभी गांवों कस्बों मे लोगों को सर्दी से राहत पहुचाने के लिए अलाव जलवाने के आदेश दिए है जिन पर अमल हो रहा है उपजिलाधिकारी अनिल कुमार यादव ने बताया कि शीत लहर से हो रही कडाके की सर्दी से लोगों को राहत पहुंचाने के लिए सभी ग्राम प्रधानों व नगर पंचायतों के अधिशाषी अधिकारियों को जगह जगह अलाव जलवाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में पात्र लोगों को गांव गांव व नगर क्षेत्र में कम्बल वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा हैं अलाव जलवाने मे लापरवाही बरतने वालों पर कडी कार्यवाही की जायेगी।

## सिंदुरिया रामलीला में धनुष यज्ञ का किया गया मंचन

अमन लेखनी समाचार



चोपन। ग्राम पंचायत सिंदुरिया में आयोजित हो रही रामलीला में सातवें दिन धनुष यज्ञ का मंचन किया गया, जिसमें भगवान श्रीराम ने शिव के धनुष को तोड़ दिया और इसके बाद मां सीता ने उनके गले में वरमाला डाल दी। रामलीला के प्रसंग में गुरुवार की रात्रि को मिथिला के राजा जनक अपनी पुत्री सीता के ब्याह के लिए धनुष यज्ञ का आयोजन किए थे। जिसमें मुनि विश्वामित्र के साथ राम-लक्ष्मण पहुंचे। यज्ञशाला में धनुष को भंग करने के लिए कई राज्यों के बड़े-बड़े वीर योद्धा राजकुमार पहुंचे, लेकिन शिव के धनुष को उठा न सके। मुनिवर की आज्ञा से भगवान श्रीराम ने धनुष को उठाकर तोड़ दिया। जिसके बाद मां सीता ने प्रभु श्रीराम के गले में वरमाला डाल दी। जिस पर वहां पर शहनाई बज उठी और मधुर संगीत के साथ सुंदर नृत्य शुरू हो गया। इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुरेश पांडेय, हनुमान प्रसाद पाण्डेय, राम-जानकी पाण्डेय, रामनरायण पाण्डेय, विद्याशंकर पाण्डेय, राधारमण पांडेय, प्रेम शंकर पांडेय, विरेन्द्र पाण्डेय, विजयशंकर पांडेय, अशोक पांडेय, विशाल पाण्डेय प्रशान्त पाण्डेय राकेश पाण्डेय महावीर प्रसाद पाण्डेय दिनेश पाण्डेय संतोष मिश्रा संजीव त्रिपाठी सुनील सिंह मनोज चौबे संजय जैन दीनू गोयल चोपन थाना प्रभारी विश्वनाथ प्रताप सिंह इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## हार्टफुलनेस ध्यान से ईश्वरीय अनुभव करता है मनः राजकुमार मालवीय

### चुर्क पंचायत भवन में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ संपन्न

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश के गांव-गांव में चल रहे एकात्म अभियान के अंतर्गत चुर्क गांव के पंचायत भवन में हर दिल ध्यान, हर दिन ध्यान का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम वृहस्पतिवार को संपन्न हो गया। हार्टफुलनेस प्रीसेप्टर राजकुमार मालवीय ने कहा कि हार्टफुलनेस ध्यान से मन शांत, शुद्ध एवं ईश्वरीय अनुभव करता है। उन्होंने चुर्क गांव के ग्रामीणों को हार्टफुलनेस ध्यान करने का तरीका सिखाया, जिसमें प्रथम सत्र में उन्हें एक संतुलित, उद्देश्यपूर्ण एवं आनंद दायक जीवन व्यतीत करने के लिए मन का नियमन करना सिखाया गया। दूसरे सत्र में ध्यान को गहन करने के लिए आंतरिक शुद्धिकरण हेतु हार्टफुलनेस सफाई का तरीका सिखाया गया और तीसरे सत्र में ईश्वर से जुड़ने हेतु हार्टफुलनेस प्रार्थना के जरिए उन्हें अनुभव कराया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन में ग्राम प्रधान राम प्रवेश यादव द्वारा भरपूर सहयोग किया गया। हार्टफुलनेस प्रीसेप्टर गोपाल जी मौर्य द्वारा हार्टफुलनेस मेडिटेशन का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर वॉलिंटियर तेज बहादुर, ज्योति और कंचन लता ने भरपूर योगदान दिया।

## महिलाओं के मध्य घुसने से मना करने पर युवक ने सिपाही को किया चुटहिल

### कैथी गांव में गुरुवार को हुई घटना

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। सुमेरपुर थाना क्षेत्र के कैथी में ब्रह्मदेव बाबा स्थान में लगे मेले में महिलाओं के मध्य घुसने से मना करने से नाराज युवक ने धक्का मुक्की कर सिपाही चुटहिल कर दिया। चुटहिल होने के बाद सिपाही ने चुप्पी साध रखी है। यह मामला गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है। कैथी गांव में ब्रह्मदेव बाबा स्थान पर प्रतिवर्ष की तरह इस साल भी तीन दिवसीय विशाल मेले का आयोजन कराया गया था। गुरुवार को मेले का आखिरी दिन था। ग्रामीणों के अनुसार आखिरी दिन मेले में केवल महिलाओं को जाने की अनुमति थी। लेकिन गांव का एक युवक बार-बार महिलाओं के मध्य मेले में घुस रहा था। शिकायत पर ड्यूटी में तैनात कैथी पुलिस चौकी के सिपाही ने युवक को मेले में घुसने से मना किया। इससे खफा युवक सिपाही से भिड़ गया और धक्का मुक्की करते हुए सिपाही को चुटहिल कर दिया। इसके बाद सिपाही चुप्पी साध गया है। गांव की कुछ संभ्रात लोग मामले को सिपाही से वार्ता करके रफादफा करने में जुटे हुए हैं। यह घटना गांव में चर्चा का विषय बनी हुई है। थानाध्यक्ष रामआसरे सरोज ने बताया कि मारपीट नहीं महज धक्कामुक्की हुई थी। आरोपी की तलाश कराई जा रही है।

## पीआरडी जवान की मौतके बाद परिजनों ने शव रखकर लगाया जाम

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। पीआरडी जवान की ड्यूटी जाते समय लगी ठंड के बाद उपचार के दौरान मौत होने पर आक्रोशित पीआरडी जवानों ने परिजनों के साथ मिलकर

सदर कोतवाली इलाके में नगर पालिका व तहसील रोड के मध्य शव को बीच सड़क में रखकर जाम लगा दिया। मौके पर पंहुची सदर कोतवाली पुलिस ने समझा-बुझाकर किसी तरह जाम खुलवाकर यातायात बहाल करवा दिया गया।

इस मामले मे पुलिस द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया है कि कृष्णदत्त पुत्र स्व. राजेन्द्र कुमार निवासी पतारा थाना कुरारा द्वारा तहरीर दी गयी है कि उनके पिता राजेन्द्र कुमार जो पीआरडी में कार्यरत थाना बिवांर में तैनात है। थाना बिवार में गत 19 दिसंबर को ड्यूटी से जाते समय ठण्ड लग जाने के कारण जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। जिन्हे 27 दिसंबर को हेलट कानपुर नगर रेफर किया गया था। परन्तु रास्ते में ले जाते समय उनकी मृत्यु हो गयी। कुरारा पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गई। आज मृतक पीआरडी जवान के परिजनों द्वारा जजी तिराहे पर शव को रखकर जाम लगा दिया गया था। सूचना पर कोतवाली सदर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया गया है। यातायात सुचारू रूप से चल रहा है।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# शूरा संग घूमने निकले अरबाज

**मुंबई।** सलमान खान के छोटे भाई अरबाज खान के अचानक से दूसरी बार शादी की खबर ने हर किसी को हैरान कर दिया था। सोशल मीडिया पर हर कोई उनकी दुल्हन के बारे में जानने के लिए उत्सुक था। 24 दिसंबर 2023 को 'प्यार किया तो डरना क्या' एक्टर ने अपनी गर्लफ्रेंड और पेशे से मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से निकाह किया। हाल ही में शादी के 5 दिन बाद अपनी पत्नी के साथ अरबाज खान डिनर डेट पर निकले। जहां कुछ यूजर्स ने दोनों की जोड़ी पर खूब प्यार लुटाया, तो वहीं कुछ यूजर्स को शूरा को देखकर मलाइका अरोड़ा याद आ गई। अरबाज खान और शूरा खान अपने निकाह के बाद से ही खुद को पैपराजी से बिल्कुल दूर रख रहे हैं। हाल ही में दोनों का डिनर डेट से निकलते हुए एक वीडियो इंटरनेट पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है।



## लाइफ Style

# श्रुति हासन

## बॉयफ्रेंड से शादी की अफवाह पर ओरी को लताड़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिग्गज अभिनेत्री श्रुति हासन अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री आर्टिस्ट शांतनु हजारिका को डेट कर रही हैं। अब हाल ही में, ओरहान अवात्रामणि यानी कि ओरी ने कपल की शादी की बात बताई। इस खबर ने सोशल मीडिया पर हंगामा मचा दिया है।

अब श्रुति हासन ने आगे आकर खुद इस बात पर सफाई दी है। उन्होंने शादी की अफवाह का झूठ बताते हुए कहा कि वह यह भी नहीं जानती हैं कि ओरी कौन हैं। श्रुति हासन ने हाल ही में एक बातचीत में कहा, 'मैं नहीं जानती कि वह कौन हैं। मैं अपना काम करने और अपनी जिंदगी जीने में व्यस्त हूं। मेरा ध्यान हमेशा उन लोगों पर रहा है, जो मेरे जीवन और मेरे आस-पास अच्छी ऊर्जा लाते हैं। मैंने हमेशा ही यह कहा है और मैं इस पर कायम हूं। मैं एक दर्पण की तरह हूं। मैं लोगों के साथ बिल्कुल वैसा ही व्यवहार करती हूं, जैसा मेरे साथ किया जाता है और मैं इसके लिए कभी सॉरी नहीं हूं।' सालार अभिनेत्री ने आगे कहा, 'यह बहुत मूर्खतापूर्ण है। मैं चाहती हूं कि जो लोग मुझे नहीं जानते वह मेरे बारे में बात न करें। मैंने अपनी जिंदगी पूरी खुलेपन और ईमानदारी से जी है। अगर मैं शादीशुदा होती तो मैं इसे क्यों छुपाती। मैंने एक स्पष्टीकरण पोस्ट किया क्योंकि मेरा सोशल मीडिया इस खबर से स्पैम हो गया था। यह काफी मजेदार था। मैं इस पर हंस रही थी।' हाल ही में, अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरी साझा कर लिखा था, 'मैं शादीशुदा नहीं हूं। मैं ऐसी इंसान हूं, जो हर चीज के बारे में खुलकर बात करती है। मैं इसे क्यों छिपाऊंगी? इसलिए जो लोग मुझे बिल्कुल नहीं जानते हैं, कृपया शांत हो जाएं।

## हॉलीवुड मसाला



# इंडस्ट्री को दिए कई सुपरहीरो

**लॉस एंजिलिस।** स्टेन ली एक ऐसा नाम है जिससे हम सभी के बचपन की यादें जुड़ी हुई हैं। स्टेन ली कॉमिक बुक राइटर और एडिटर थे। यह वही शख्स हैं जिन्होंने दुनिया को 'स्पाइडरनमैन', 'द हल्क', 'आयरन मैन' जैसे किरदार और मार्वल कॉमिक्स दी थी। हॉलीवुड में स्टेन ली के सुपरहीरो कैरेक्टर्स को लेकर कई फिल्में बनाई गई हैं, जिन्हें दर्शकों द्वारा बेहद पसंद किया गया। तो आइए जानते हैं स्टेन ली की बर्थ एनिवर्सरी पर उनके जीवन से जुड़ी कुछ खास बातें... 28 दिसंबर 1922 को न्यूयॉर्क में जन्मे स्टेन ली ने 1961 में दि फैंटास्टिक फोर के साथ मार्वल कॉमिक्स की शुरुआत की थी।



# दुनियाभर में बज रहा वोंका-एक्वामैन 2 का डंका

**लॉस एंजिलिस।** एक्वामैन एंड द लॉस्ट किंगडम दुनियाभर में धमाल मचा रही है। रिलीज के बाद से ही यह फिल्म दूसरे देशों में छप्परफाड़ कमाई कर रही है। शुक्रवार तक के आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने 73 अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस बाजारों में 40.9 मिलियन की कमाई की है। ओवरसीज कलेक्शन की बात करें तो यह आंकडा कुल 70 मिलियन डॉलर के आसपास पहुंचता नजर आता है। वहीं, फिल्म के घरेलू और वैश्विक आंकड़े को अगर मिला दिया जाए तो यह फिल्म 100 मिलियन की कमाई के पार जाती नजर आ रही है। बता दें कि यूके में फिल्म ने गुरुवार को 1,1994 स्क्रीनों से सात लाख 12 हजार डॉलर के साथ शुरुआत की › वोंका के बाद यह फिल्म दूसरे स्थान पर रही है। यह संख्या लगभग द फ्लैश के बराबर है और मूल एक्वामैन से 33% कम है। दोनों ही फिल्में बुधवार को रिलीज हुई थीं। शुक्रवार तक यूके में इस फिल्म ने 16 लाख डॉलर की कमाई कर ली थी।



# 2024 में रचाएंगी दूसरी शादी

**मुंबई।** क्या मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर का ब्रेकअप हो गया है? मलाइका ने डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' ने अर्जुन से ब्रेकअप की अफवाहों को हवा दी। मलाइका, फराह खान के साथ शो में जज हैं। हाल में शो का नया प्रोमो जारी हुआ। वीडियो में देखा जा सकता है कि फराह, मलाइका से उनकी शादी की प्लानिंग के बारे में पूछती हैं। जिस अंदाज में वह जवाब देती हैं, उससे लगता है कि वह अब सिंगल हैं और किसी और शादी करना चाहती हैं। मलाइका का यह बयान उनके पूर्व पति अरबाज खान की दूसरी शादी के बाद आया है। 'झलक दिखला जा' के प्रोमो वीडियो में देखा जा सकता है कि फराह खान ने मलाइका अरोड़ा से पूछा, "2024 में, क्या आप सिंगल पेरेंट कम एक्ट्रेस से डबल पेरेंट कम एक्ट्रेस बन जाएंगी?" इस सवाल से मलाइका उलझन में पड़ गईं।



# फिर कंट्रोवर्सी में फंस गए रणबीर कपूर

**मुंबई।** रणबीर कपूर हमेशा ही सुर्खियों में रहते हैं। या अगर हम सीधा कहें कि कॉन्ट्रोवर्सी का हिस्सा बने रहते हैं तो गलत नहीं होगा। ये तो जगजाहिर है कि रणबीर ऑफिशियली सोशल मीडिया पर नहीं हैं। ना तो वो कोई पोस्ट करते हैं, ना ही इधर-उधर कोई बयानबाजी देते हैं। फिर भी वो विवादों का शिकार हो ही जाते हैं। हाल ही में रणबीर की एनिमल फिल्म रिलीज हुई थी। फिल्म में उनके कैरेक्टर, डायलॉग्स और बिहेवियर को लेकर काफी विवाद हुआ। उनके कैरेक्टर रणविजय के साथ-साथ रणबीर को भी टॉक्सिक बता दिया गया। लेकिन ऐसा सिर्फ रील लाइफ तक ही सीमित नहीं है। एनिमल विवाद की आंच अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि कपूर खानदान के सलाना क्रिसमस सेलिब्रेशन का हिस्सा बने रणबीर फिर नई मुसीबत में फंस गए।

# पठान, जवान... नहीं 2023 में द केरल स्टोरी के नाम सबसे ज्यादा प्रॉफिट

**मुंबई।** साल 2023 बॉलीवुड के लिए काफी धमाकेदार साबित हुआ। कोविड के बाद ठंडे पड़े बॉक्स ऑफिस पर कुछ फिल्मों ने आग लगा दी। वहीं सिनेमाघरों में भी जमकर सीटियां गूंजी। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को कई ब्लॉकबस्टर मूवीज मिलीं। शाहरुख खान, रणबीर कपूर और देओल फैमिली के लिए साल काफी अच्छा बीता। अब साल खत्म होने को है तो नफे-नुकसान पर नजर डालना भी बनता है। पठान, जवान, गदर2, एनिमल ने खूब वाहवाही बटोरी। हालांकि प्रॉफिट की बात करें तो एक ऐसी फिल्म लिस्ट में टॉप है जो लोगों के ध्यान से उतर चुकी है। साल 2023 की शुरुआत शाहरुख खान की फिल्म पठान के धमाके से हुई। इसके बाद जवान और गदर 2 शोर रहा। फिल्मों ने बंपर कमाई की, ब्लॉकबस्टर भी रहीं लेकिन अगर फिल्म में लगे बजट को देखते हुए प्रॉफिट की बात की जाए।




**ओएमजी 2 :** अक्षय कुमार स्टारर फिल्म ओएमजी 2 कॉन्ट्रोवर्सी में रही। गदर 2 के साथ इसका क्लैश था। इसके बाद भी फिल्म ने ठीक-ठाक प्रॉफिट कमा लिया। मूवी का बजट 65 करोड़ के करीब था। इसने 150 करोड़ का बिजनस किया। मूवी को 130.76 फीसदी फायदा हुआ।

**पठानः** शाहरुख खान की फिल्म पठान साल की पहली बंपर हिट थी। मूवी ने कमाई के कई रिकॉर्ड्स तोड़े। फिल्म 250 करोड़ के तगड़े बजट में बनी थी। मूवी का बिजनस 543.22 करोड़ रहा। इस इसका प्रॉफिट 117.28 फीसदी रहा।

### द केरल स्टोरी

द केरल स्टोरी मूवी काफी चर्चा में रही थी। कोईमोई की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म 30 करोड़ रुपए में बनी थी। इसने 238.27 करोड़ की कमाई की। इस हिसाब से इसका रिटर्न 694.23 फीसदी रहा।

### गदर 2

दूसरे नंबर पर मालामाल हुई गदर 2 की टीम। फिल्म का बजट 75 करोड़ के आसपास था। मूवी ने 525.50 करोड़ कमाई की। मूवी को 600.66 फीसदी रिटर्न मिला।

### एनिमल

तीसरे नंबर पर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल ने नोट छापे। रणबीर कपूर स्टारर फिल्म का बजट 200 करोड़ रुपये था। इसने 537.27 करोड़ कमाए और अभी भी थिएटर्स में है। मूवी को 168.63 फीसदी रिटर्न मिला।

### 12वीं फेल

चौथा नंबर है विक्रांत मैसी स्टारर मूवी 12वीं फेल का। फिल्म का बजट महज 20 करोड़ था। मूवी को दर्शकों ने काफी पसंद किया। फिल्म का बिजनस 51.93 करोड़ था तो रिटर्न 159.65 फीसदी रहा।

# काजोल ने दिखाया अपना एआई अवतार

**मुंबई।** एआई आज हर किसी की लाइफ का एक खास हिस्सा है। किसी भी काम को करने के लिए लोग अब एआई का सहारा लेते हैं। एआई एक ऐसा टूल है, जिसके जरिए लोग फोटो भी तैयार करते हैं। कुछ समय पहले ही कटरीना कैफ ने 'मैरी क्रिसमस' स्टार की एआई वर्जन में लेटेस्ट तस्वीरों शेयर की थीं। अब काजोल ने अपने सोशल मीडिया पर अपनी एआई वर्जन में बनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। इस पर उनके फैंस भी जमकर अपना रिएक्शन दे रहे हैं। शुक्रवार को एक्ट्रेस काजोल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की हैं। यह फोटोज उनके एआई वर्जन की है। इन फोटोज में उनका विलेन का अवतार देखने को मिल रहा है। फोटो को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा 'आखिरकार मैं इस विचार को घर ले आई, यह सार्थक है। मुझे यह पसंद है, शायद किसी दिन इसे आजमाएं'। इसके साथ ही उन्होंने हैशटैग के साथ लिखा 'मेरा विलेन इरा शुरू और मेरा हैनिबल लुक'। फोटोज में काजोल का लुक बिल्कुल हैनिबल सीरीज के करैक्टर की तरह लग रहा है। इन फोटो में वह ऑल ब्लैक लुक में दिखाई दे रही हैं।



## टीवी मसाला



# जोरदार होगा वीकेंड का वार, एक-दो नहीं पहुंचेंगे कई खास मेहमान

**मुंबई।** बिग बॉस 17 का वीकेंड का वार का सभी को इंतजार रहता है। सलमान जिस तरह से कंटेस्टेंट को समझाते हैं या फिर फटकार लगाते हैं वह कोई और नहीं कर सकता। हर हफ्ते कोई ना कोई सेलिब्रिटी अपने शो और फिल्म के प्रमोशन के लिए पहुंचता है। बीते हफ्ते क्रिसमस पर रवीना टंडन और अब्दू रोजिक मेहमान बने थे। उन्होंने कंटेस्टेंट और दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। अब आने वाले वीकेंड में कई और स्पेशल मेहमान आएंगे जो सलमान के कारीफी करीब हैं। वीकेंड का वार के स्टेज पर एक बार फिर से दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र पहुंचेंगे। धर्मेंद्र शो के मंच की शोभा बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह करीब 3 साल से शो में लगातार मेहमान के रूप में नजर आए हैं। सलमान उनका बहुत सम्मान करते हैं। उनके साथ गहरा रिश्ता है। धर्मेंद्र के साथ कृष्णा अभिषेक भी स्पेशल एपिसोड में पहुंचेंगे जो दर्शकों को खूब हंसाने का काम करेंगे। दोनों के साथ का यह एपिसोड कमाल का होने वाला है।



# 50 साल की हुईं एक्ट्रेस ट्विंकल

**मुंबई।** एक्ट्रेस ट्विंकल खन्ना आज यानी 29 दिसंबर को अपना 50वां जन्मदिन मना रही हैं। जन्मदिन के इस खास मौके पर एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्विमिंग करते हुए एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में उनके साथ पति अक्षय कुमार और दोनों बच्चे आरव और नितारा भी दिखाई दे रहे हैं। एक्ट्रेस ने पोस्ट शेयर करते हुए 'बस तैरते रहो' और अपने जीवन को रोमांचक बनाने का मैसेज दिया। वीडियो में सभी डाइविंग मास्क और स्विमफिन पहने हुए नजर आ रहे हैं। अक्षय कुमार ने पत्नी ट्विंकल खन्ना के लिए प्यार भरा पोस्ट शेयर किया है। एक्टर ने हल्क के साथ ट्विंकल की एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा- मेरे हल्क तुम लंबे समय तक जीती रहो!! अपने ह्यूमर से इतने साल तक हमें हंसाने के लिए धन्यवाद।। भगवान तुम्हारी उम्र में कई और साल जोड़े। जन्मदिन मुबारक हो, टीना।